



दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-228 नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) रविवार 19 अक्टूबर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## बांके बिहारी का 160 साल पुराना खजाना खुला, जानें 54 साल से बंद दरवाजे के पीछे क्या मिला





मथुरा/वृंदावन (ए.)। धनतेरस का पावन दिन मथुरा-वृंदावन के लिए एक ऐतिहासिक घटना का गवाह बना। यहां विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर का 160 साल पुराना खजाना (तहखाना) 54 साल के लंबे इंतजार के बाद खोला गया। आखिरी बार यह तहखाना 1971 में खोला गया था, जिसके बाद से यह बंद था। इस खजाने को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्सुकता है, क्योंकि आज इससे जुड़े कई अहम राज खुलने की उम्मीद है।यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित एक हाई पावर कमेटी की निगरानी में शुरू की गई है। खजाने को खोले जाने पर ज्यादा जानकारी देते हुए एडीएम मथुरा, पंकज कुमार वर्मा ने कहा, मंदिर के खजाने के द्वार आज खोले जाएंगे। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं और सुरक्षा को देखते हुए केवल अधिकृत लोगों को ही परिसर के अंदर जाने की अनुमति दी गई है। जानकारी के मुताबिक, दोपहर करीब 1:30 बजे दीप प्रज्ज्वलित और मंत्रोच्चारण के बीच खजाने को खोलने का काम शुरू किया गया। शाम 4 बजे मंदिर के कपाट आम दर्शनों के लिए खुलने के कारण आज की कार्रवाई को वहीं विराम दे दिया गया।

टीम ने पहले गेट का ताला तो काट दिया, लेकिन दूसरे गेट को काटने में टीम असफल रही। तमाम कोशिशों के बावजूद दूसरा गेट नहीं खुल सका, जिससे काम आगे नहीं बढ़ पाया।खजाने खोलने की इस प्रक्रिया में अभी तक अधिकारियों को सिर्फ एक खाली बॉक्स मिला है, जिसमें ज्वेलरी रखने वाले खाली डिब्बे रखे हुए थे। इसके अलावा, एक चंडिका छत्र भी मिला है, जिसका वजन 2 से 20 ग्राम के बीच बताया जा रहा है।बताया जा रहा है कि खजाने वाला यह रहस्यमयी कमरा मंदिर के गर्भ गृह के ठीक बगल में स्थित है। फिलहाल, पहले दिन की कार्रवाई पूरी हो गई है, लेकिन खजाने का मुख्य रहस्य अभी भी बरकरार है। अब सभी को उस घड़ी का इंतजार है जब दूसरा गेट खुलेगा और 160 साल पुराने इस खजाने के रहस्य दुनिया के सामने आएंगे।

## मंदिर से लौटते वक्त 8 जिंदगियां खत्म, गहरी खाई में समाई गाड़ी

नंदुरबार (आरएनएस)। महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना तब घटी जब श्रद्धालुओं से भरा एक वाहन चांदशाली घाट पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। महाराष्ट्र पुलिस ने शनिवार को इस घटना की जानकारी दी। यह हादसा शहादा पुलिस थानाक्षेत्र में हुआ। जानकारी के मुताबिक, वाहन में सवार सभी लोग अस्तंबा देवी के मंदिर में दर्शन करके वापस लौट रहे थे। वापसी के दौरान, घाट पर एक चढ़ाई के वक्त वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन गहरी खाई में गिर गया। पुलिस के अनुसार, खाई काफी गहरी थी और हादसा इतना भीषण था कि वाहन में सवार लोग छिटककर बाहर गिर पड़े।

## किसान हमारी अर्थव्यवस्था की हैं रीढ़ः मुख्यमंत्री डॉ यादव

### सूखे खेत को पानी मिल जाये तो फसल हो जाती है सोना



**भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के 3 हजार से अधिक किसान हुए शामिल**

**सोयाबीन पर भावांतर भुगतान के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री निवास में हुआ किसान आभार सम्मेलन**

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे किसान भाई ही मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। किसानों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार का हर निर्णय किसानों के कल्याण को ध्यान में रखकर लिया जा रहा है। किसानो की भलाई के लिए हमारी सरकार हर जरूरी कदम उठायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर संभव तरीके से किसानों की आय बढ़ाकर उनकी माली हालत मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। भावांतर योजना किसानों को खुले बाजार में फसलों की कीमतों के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा देती है। यह योजना किसान हित में सरकार की एक बड़ी पहल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास परिसर में सोयाबीन पर भावांतर भुगतान के उपलक्ष्य में आयोजित किसान आभार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सूखे खेत को अगर पानी दे दिया जाये, तो फसल सोना हो जाती है, हम प्रदेश के हर खेत तक पानी पहुंचायेंगे। मध्यप्रदेश के अन्नदाता अब ऊर्जादाता बन रहे हैं। किसान भाई अपने खेतों में सोलर पंप जरूर लगाएं। सोलर पंप लगाने से बिजली के अस्थाई कनेक्शन के खर्च से मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने किसानों के हित में एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सोलर पॉवर पंप स्थापना के लिये किसानों को अब 90 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। पहले 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को विद्युत पंप से एक स्टेप अधिक पॉवर केपिसिटी का सोलर पॉवर पंप दिया जायेगा अर्थात् 3 H P वाले किसान को 5 H P का सोलर पॉवर पंप और 5 H P वाले किसान को 7.5 H P का सोलर पॉवर पंप दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने किसान आभार सम्मेलन में पारम्परिक वेशभूषा में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले सभी कलाकारों को 5-5 हजार रूपए देने की घोषणा भी की। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन तथा भगवान हलधर बलराम एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर सम्मेलन की विधिवत् शुरूआत की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान भाइयों की मेहनत से ही प्रदेश की जीडीपी में कृषि 39 प्रतिशत से अधिक का योगदान देती है। किसान भाई सच्चे अर्थों में मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, फलों और सब्जियों के उत्पादन की दृष्टि से मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है।

## रतलाम में सज गया मां महालक्ष्मी का मंदिर, पांच दिनों तक आभूषण और नोटों से सजा रहेगा



रतलाम,(ए)। मध्यप्रदेश के रतलाम में मां महालक्ष्मी का मंदिर सज चुका है। मंदिर की सजावट फूलों से नहीं, हीरे, जवाहरात और नोटों से हुई है। मंदिर की हर लड़ में नोट लगे हैं। किसी में 10 किसी में 500 नजर आ रहे हैं।इस अद्भुत सज्जा के लिए भक्तों ने अपनी तिजोरी खोल दी है। मंदिर में अर्पित नकदी-आभूषण को दीपोत्सव के पांच दिन के बाद समिति प्रसादी के रूप में भक्तों को लौटाएगी। मंदिर की सजाने की सालों पुरानी परंपरा के तहत इस साल 2 करोड़ रुपए से मंदिर को सजाया गया है। आज तक यहां से एक रुपया इधर से उधर नहीं हुआ है। धन राशि देने वालों में रतलाम के अलावा प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त आते हैं।दीपोत्सव के पहले दिन यानी आज धनतेरस से मंदिर की सजावट को भक्त निहार सकते हैं। संभवतः यह देश का पहला ऐसा मंदिर है, जो पांच दिनों तक भक्तों द्वारा अर्पित आभूषण और नोटों से सजा रहता है।

## मेड इन इंडिया' ब्रह्मोस की पहली खेप सेना को समर्पित, रक्षा मंत्री की हुंकार से उड़ी पाकिस्तान की नींद



लखनऊ (आरएनएस)। आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, भारत-रूस संयुक्त उद्यम की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस अब पूरी तरह 'मेड इन इंडिया' बनकर तैयार है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित ब्रह्मोस मिसाइल उत्पादन केंद्र में तैयार की गई पहली खेप आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय सेना को सौंप दी गई। इसे देश की रक्षा क्षमता में एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है।इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की जहां तक बात है, तो अब उसकी एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में है। ऑपरेशन सिन्दूर में जो हुआ, वह तो सिर्फ ट्रेलर था। पर उस ट्रेलर ने ही पाकिस्तान को यह एहसास दिला दिया, कि अगर भारत, पाकिस्तान को जन्म दे सकता है, तो समय आने पर वहॅ अब आगे मुझे बताने की जरूरत नहीं है

## दीपोत्सव के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन पूरी तरह सतर्क

### कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार सभी अनुविभागों में निरीक्षण जारी

नर्मदापुरम (निप्र)। दीपावली पर्व के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार समस्त अनुविभागों में कार्यपालिक दंडाधिकारियों द्वारा पूरी सतर्कता के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। पर्व एवं आयोजनों के दौरान लगने वाले बाजारों एवं पटाखा क्षेत्रों का निर्धारण कर दुकानों का आवंटन किया गया है, जिससे स्थानीय व्यापारी सुगमता के साथ विक्रय कार्य कर सकें। साथ ही पटाखा बाजारों में सुरक्षा मापदंडों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।त्योहारों के मद्देनज़र मिलावटी खाद्य सामग्री पर भी सख्त निगरानी रखी जा रही है। खाद्य एवं मिष्ठान भंडारों से मिठाई एवं खाद्य सामग्री के नमूने लेकर उनकी नियमित जांच की जा रही है। इसके साथ ही नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम तहसीलदार नगर श्रीमती सरिता मालवीय एवं उनके सहयोगी दल द्वारा आवासीय क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चौराहे के पास अवैध रूप से पटाखों के भंडारण एवं विक्रय किए जाने पर मौके स्थल पहुंचकर जांच की गई।



## खरीदी के विशेष मुहूर्त धनतेरस पर दमका बाजार, जमकर हुआ कारोबार

### दुकानों पर दिन भर उमड़ती रही भीड़, देर शाम तक होती रही खरीदी

नर्मदापुरम (निप्र)। त्योहार पर खरीदी के विशेष मुहूर्त धनतेरस की शाम से बाजार में खरीदी में अच्छी खासी तेजी रही। दीपोत्सव का त्योहार दीपावली की शुरूआत धनतेरस से हो गई है। त्योहारी वस्तुओं की खरीदी की ओर लोग अग्रसर हो रहे हैं। धन तेरस के अवसर पर दिन में ग्राहकी कम हुई शाम को मुख्य बाजार क्षेत्र में खरीददारी करने वालों की भीड उमड़ती रही। एसएनजी स्टेडियम में दीपावली से संबंधित वस्तुओं का अलग ही बाजार लगाने से सतरस्ता, इंदिरा चौक, जय स्तंभ सहित मुख्य बाजार क्षेत्र में छोटी-छोटी दुकाने लगी हुई थी जिससे बाजार की यातायात व्यवस्था बिगड़ती रही। इसी तरह चौक चौराहों पर यातायात व्यवस्था ठीक नहीं रही। धनतेरस पर करोड़ों का कारोबार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। अभी दीपावली को और ज्यादा खरीदी की उम्मीद है। कसेरा बाजार, सराफा बाजार में शाम के समय बहुत भीड़ रही। सभी दुकानों पर खरीददार अपनी पसंद की सामग्री खरीदने के लिए पहुंच रहे थे। दीपावली के इस त्योहार पर खरीदी के मुहूर्त में लोगों ने सोने चांदी सहित अन्य धातु की सामग्री की खरीदी की। परंपरानुसार इस दिन खरीदी करना शुभ माना जाता है। ज्वेलरी व्यापारी प्रदीप अग्रवाल व वर्तन व्यवसायी लालू कांस्कार ने बताया कि पहले दिन अच्छी ग्राहकी रही। अब दीपावली को भी उम्मीद है।

#### जमकर हो रही वाहनों की खरीदी



इस बार दो पहिया के साथ ही चार पहिया वाहन की खरीदी में तेजी रही। दो पहिया वाहन विक्रेताओं के यहां पर कुछ दिन पूर्व से ही बुकिंग की गई थी। जिन लोगों ने अपनी पसंद के वाहन देख गए थे उनके पसंद के वाहनों पर पर्ची चिपकी हुई थी। वाहनों पर क्रम भी डला हुआ था। वाहन के शो रूम पर पर्ची लगी अनेक गाड़ी खड़ी हुई थी। दिन भर वाहन खरीदने वालों का तांता लगा हुआ था। किसानों ने ट्रैक्टर भी खरीदे हैं। एक अनुमान के तहत एक ही दिन में करीब दो करोड़ के वाहनों की बिक्री होने का अनुमान है।

#### बर्तन और पूजन सामग्री की हुई तेज बिक्री

हर बार की तरह सबसे ज्यादा भीड़ कसेरा बाजार में रही। यहां पर खरीदारी करने के लिए पूरे दिन और देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही।

कई लोग नए बर्तन और धातुओं की बनी प्रतिमाएं खरीदने पहुंचे। कुछ लोगों ने मिट्टी की प्रतिमाएं भी खरीदी। पूजन सामग्री के साथ ही बर्तन बाजार में एक दर्जन से अधिक बड़ी दुकानों पर दिन भर भीड़ लगी रही। इसके अलावा छोटी दुकानों पर भी खरीददारी हो रही थी। कसेरा बाजार में करीब सवा करोड़ का करोबार हुआ दूसरे दिन रविवार को भी बिक्री की आस है।

#### वस्त्रों की दुकानों पर हुई खूब खरीदी

बाजार में अन्य सामान के साथ वस्त्र और विशेष रूप से रेडीमेड वस्त्रों की अच्छी खासी बिक्री हुई है। जिसके चलते शहर की करीब चालीस से 50 दुकानों पर लगातार दिन भर बिक्री का माहौल रहा। बाजार में वस्त्रों की बिक्री का आंकडा 50 लाख तक पहुंच गया होगा।

#### लाखों के बिके पटाके

आतिशबाजी के बाजार में भी बिक्री होना शुरू हो गया है। पटाके पर महंगाई का असर है। इसके बाद भी करीब 50 लाख के पटाके बिकने का अनुमान है। इसी तरह मिठाई, घरेलू उपयोगी सामग्री, फर्नीचर, किराना सहित अन्य अनेक सामग्री मिलाकर करीब 02 से 03 करोड का करोबार होने का अनुमान है। इन सबके अलावा अभी दीपावली की बिक्री होना और बांकी है। त्योहार पूर्व कर्मचारियों को वेतन मिलने से बाजार में कर्मचारी वर्ग खरीदी करने में व्यस्त हैं।




## साबरकांठा में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प, जमकर चले पत्थर, गाड़ियां फूंकी; 100 से अधिक के खिलाफ केस दर्ज

साबरकांठा (आरएनएस)। जिले के प्रांतिज इलाके के मंजरा गांव में शुक्रवार रात दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर हिंसक झड़प हो गई। यहां पाटीदार और ठाकोर समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए, जिसके बाद दोनों पक्षों की ओर से जमकर पत्थरबाजी और आगजनी की गई। उपद्रवियों ने कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया और कई वाहनों के शीशे तोड़ दिए। इस पथराव और हमले में करीब 10 से 20 लोग घायल हो गए हैं।जानकारी के मुताबिक, यह पूरा हंगामा भैरवनाथ मंदिर के प्रबंधन को लेकर हुआ। दोनों गुटों के बीच इस बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही थी। शुक्रवार रात, इसी रंजिश के चलते दोनों गुट अचानक आमने-सामने आ गए और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिससे पूरे गांव में भारी हंगामा मच गया।घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और स्थिति को संभाला।

## शहर के मुख्य चौराहे के पास दो पहिया शोरुम का बढ़ा अतिक्रमण

### मुख्य मार्ग पर रोज लगता है जाम, रास्ता कम पड़ने से परेशान होते हैं नागरिक



नर्मदापुरम (निप्र)। नवागत पुलिस अधीक्षक एवं सिटी मजिस्ट्रेट से शहर के नागरिक मांग कर रहे हैं कि पर्व के मौके पर शहर की यातायात व्यवस्था बहुत बुरी तरह तहस नहस हो रही है। खासकर चौराहों वाले क्षेत्र में नागरिकों को वाहन चलाने में परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत वाला यदि कोई क्षेत्र है तो वह है शहर के बीचों बीच स्थित दो पहिया वाहन का शोरूम वाला मार्ग यहां हर दिन शाम को वाहनों का जाम लगना आम बात हो गई है। त्योहार पर तो शोरूम संचालक की मनमानी बढती जा रही है। बेचने के लिए दो पहिया वाहन शोरूम की बजाए सड़क पर ही खडे कर दिए हैं। इसके साथ सड़क पर ही टेंट लगा दिया है। सड़क पर ही कुर्सी लगा दी गई है। पूर्व मंत्री पुत्र के शहर के बीचों बीच स्थित लाड़ली लक्ष्मी चौक पर दो पहिया वाहन के शोरूम संचालक के द्वारा मार्ग पर अत्यधिक अतिक्रमण किए जाने से आम नागरिकों का निकलना दूभर हो रहा है। अपनी आय बढ़ाने के लिए शोरूम संचालक के द्वारा सड़क पर ही नए वाहनों की तीन रो लगा कर रास्ता को सकड़ा कर दिया गया है। लेकिन प्रशासन के एक भी अधिकारी और किसी कर्मचारी के द्वारा उससे कुछ कहा नहीं जा रहा है। जिससे उसके होंसले बुलंद हैं। चौराहे पर सबसे अधिक किसी का अतिक्रमण है तो शोरूम संचालक का दूर से ही दिख जाता है। लेकिन प्रशासन न जाने क्यों डरता है। शायद पूर्व मंत्री का पुत्र व प्रभावशाली व्यक्ति होने के कारण प्रशासन के द्वारा उसे पूरी छूट दी गई है। जिससे उसने अपने नए नए वाहनों की लंबी कतारें सड़कों पर ही लगा दी है।

#### बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

शोरूम संचालक की बेढंगी करतूत के चलते शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। इस शोरूम संचालक के वाहनों के अनेक बार कंटेनर आते हैं जो नो एंट्री वाले मार्ग पर ही दिन में बड़े बड़े वाहन खड़े रहते हैं। उनको कोई टोकने वाला नहीं है। ऐसा कई महिने से हो रहा है। शहर के बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक होने के बावजूद यहां भारी वाहन धड़ल्ले से खड़े रहते हैं। जिनसे हादसों की आशंका भी बनी रहती है।

#### कंटेनर व लोडिंग आटो होते हैं लोड-अनलोड

लाड़ली लक्ष्मी चौक वाले मुख्य बाजार क्षेत्र में दिन में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है। इसके बावजूद शोरूम संचालक के शोरूम के सामने कंटेनर से वाहन उतरते रहते हैं। अनेक ट्रक व बड़े वाहन दिन में भी सड़कों पर खड़े देखे जा सकते हैं। उनके अनेक लोडिंग आटो भी यहां काफी देर तक खड़े रहकर लोड या अनलोड होते रहते हैं। इसके कारण लोगों को आने.जाने में भारी परेशानी होती हैं। लेकिन लोगों की परेशानी की परवाह करने वाला कोई नहीं है।

शहर के नागरिकों के द्वारा यातायात प्रभारी व पुलिस, एसडीएम से मांग की जा रही है कि इस तरह की मनमानी वालों पर कब कार्रवाई की जाएगी। या ऐसी ही अनदेखी की जाएगी।

K&K

राजधानी समाचार





# स्वच्छता, वृक्षारोपण और जल संरक्षण को जीवन का संकल्प बनाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## भगवान धनवंतरी ने अमृत के रूप में स्वास्थ्य, आयु और ऊर्जा का संदेश दिया

भोपाल( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण चिकित्सा विज्ञान के साथ ही पर्यावरण की शुद्धता से संभव है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा जल, वायु और भूमि प्रदूषणमुक्त नहीं होंगे, तब तक किसी भी चिकित्सा पद्धति के परिणाम स्थायी नहीं हो सकते। उन्होंने छात्रों और चिकित्सकों का आह्वान किया कि वे चिकित्सा के साथ-साथ स्वच्छता, वृक्षारोपण और जल संरक्षण को जीवन का संकल्प बनाएं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीहोर जिले के ग्राम गादिया-बिलकिसगंज स्थित मानसरोवर मेडिकल कॉलेज में धनतेरस के अवसर पर शनिवार को आयोजित धनवंतरी पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जल से हम सभी के जीवन की उत्पत्ति हुई है, वैसे ही जीवन की रक्षा और स्वास्थ्य का आधार भी जल से ही जुड़ा है। भगवान धनवंतरी समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और उन्होंने अमृत के रूप में स्वास्थ्य, आयु और ऊर्जा का संदेश दिया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान धनवंतरी आयुर्वेद के प्रथम आचार्य माने जाते हैं, जिन्होंने मानवता को स्वस्थ और दीर्घायु रहने का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि धनतेरस केवल धन-संपदा की पूजा का पर्व नहीं है, बल्कि यह हमें शरीर, मन और आत्मा की पवित्रता



बनाए रखने की प्रेरणा देता है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एलोपैथी, आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान एक-दूसरे के पूरक हैं न कि प्रतिस्पर्धी। एलोपैथी जहां त्वरित राहत देती है, वहीं आयुर्वेद शरीर की जड़ों से रोगों को खत्म करता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भगवान धनवंतरी का संदेश केवल औषधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका संदेश है कि स्वास्थ्य ही जीवन का सच्चा धन है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद ने हमें यह सिखाया है कि भोजन, दिनचर्या और प्रकृति के अनुरूप जीवन जीने से रोग अपने आप दूर रहते हैं।

भगवान धनवंतरी के उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने हजारों वर्ष पूर्व थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा के बीच अनुसंधान को प्रोत्साहन दिया जा रहा है ताकि दोनों की श्रेष्ठता समाज के हित में उपयोगी बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि धनतेरस का यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि - शरीर, मन और प्रकृति तीनों का संतुलन ही सच्चा धन है। इस अवसर पर कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा, विधायक सुदेश राय, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, सन्नी महाजन, मानसरोवर कॉलेज की चांसलर श्रीमती मंजुला तिवारी एवं गौरव तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं छात्र उपस्थित थे।

# दादाजी धाम मंदिर के द्वारा जरुरतमंद बच्चों को दिए कपड़े, मिठाई



भोपाल (ए)। जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर में धनतेरस और दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं श्री दादाजी गुरुदेव के पुत्र शिवरतन नामदेव के जन्मदिन के इस मौके पर शनिवार को मंदिर परिसर में एवं आसपास क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों कपडे और मिठाई वितरित की गई। इसका मकसद सभी हंसी खुशी के साथ त्योहर मनाएं और सभी के घर में खुशियां आए।

# मप्र में हवाओं की दिशा बदली, नमी बढ़ी, कई हिस्सों में बदला मौसम का मिजाज

भोपाल,(ए)। मध्य प्रदेश में हवाओं की दिशा बदलने और वातावरण में नमी बढ़ने के कारण मौसम ने करवट ले ली है। बीते दिन शुक्रवार को पूर्वी और दक्षिणी मध्य प्रदेश के कई इलाकों में बादल छाए रहे और कहीं-कहीं हल्की बारिश भी दर्ज की गई। वर्तमान में दक्षिण-पूर्वी अरब सागर और लक्षद्वीप क्षेत्र में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात सक्रिय है, जो शनिवार तक केरल और कर्नाटक तट पर कम दबाव के क्षेत्र में बदल सकता है। अगले दो दिनों में इसके अवदाब के रूप में विकसित होने की संभावना है।दरअसल, हवा की दिशा बदलने से रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखी जा रही है। गुरुवार और शुक्रवार की रात अधिकतर शहरों में तापमान 20 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। केवल छतरपुर का नौगांव ऐसा स्थान रहा जहां पारा 15 डिग्री तक गिरा। वहीं दिन के तापमान में भी मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर और खजुराहो में अधिकतम तापमान 33 से 34 डिग्री के बीच बना हुआ है। मौसम विज्ञान



केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एच.एस. पांडे ने बताया कि शनिवार को भोपाल और इंदौर संभाग के जिलों में बूंदाबांदी की संभावना है। पिछले 24 घंटों में भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन और जबलपुर संभाग के कई हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई। नमी के कारण दक्षिण-पूर्वी और दक्षिण-पश्चिमी मध्यप्रदेश में बादल छाए रहने की संभावना बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि इस समय पूर्वी हवाओं के साथ बीच-बीच में दक्षिणी हवाएं भी चल रही हैं, जिससे वातावरण में नमी बढ़ रही है और बादल बन रहे हैं। यह स्थिति अगले एक सप्ताह तक बनी रह सकती है।मौसम विभाग के अनुसार, इंदौर संभाग के चार जिलेबड़वानी, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुरमें शनिवार को हल्की बूंदाबांदी और बादल छाए रहने की संभावना है। वहीं भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में दिनभर धूप खिली रहने की उम्मीद है।मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि नवंबर से ठंड का असली दौर शुरू होगा, जो जनवरी के अंत तक जारी रहेगा। इस बार फरवरी तक भी ठंडक का असर महसूस हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस साल 2010 के बाद सबसे अधिक सर्द सर्दी देखने को मिल सकती है। सर्दियों के दौरान सामान्य से ज्यादा बारिश की संभावना भी जताई गई है, क्योंकि उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ बार-बार मौसम को प्रभावित करेंगे।

# भोपाल मेट्रोः एम्स से सुभाष नगर तक सीएमआरएस निरीक्षण पूरा, जल्द दौड़ेगी मेट्रो





भोपाल (ए.)। अक्टूबर में भोपाल मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर संचालन का जो लक्ष्य रखा गया था, अब वह पूरा होने के करीब है। मेट्रो प्रबंधन ने संचालन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए दिल्ली से आई कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम द्वारा दूसरे चरण का निरीक्षण पूरा करा लिया है। सीएमआरएस की तीन सदस्यीय टीम ने 15 और 16 अक्टूबर को एम्स से सुभाष नगर स्टेशन तक प्रायोरिटी कॉरिडोर का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य लाइन, ट्रैक, विद्युत और यांत्रिक (ई एंड एम) सिस्टम, स्टेशन भवन और परिचालन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई। यह भोपाल मेट्रो की अंतिम परीक्षा मानी जा रही है।

अब सिर्फ 'ओके टू रन' रिपोर्ट का इंतजार है।इससे पहले 25 सितंबर को मुख्य रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीसीआरएस) और उनकी टीम ने डिपो और रोलिंग स्टॉक का परीक्षण किया था। वहीं इस बार सीएमआरएस टीम ने सभी स्टेशनों पर सुरक्षा और तकनीकी मानकों की समीक्षा की ताकि संचालन शुरू होने से पहले सभी सिस्टम पूरी तरह सुरक्षित और मानक अनुरूप हों।

# अवैध रुप से भरकर रखी गई आतिशबाजी जप्त

### - पुलिस राजस्व विभाग की कार्यवाही, गोदाम भी किया सील

भोपाल(ए)। थाना खजूरी सडक पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने सूचना मिलने पर अवैध रूप से पटाखा गोदाम का संचालन करने वाले संचालक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गोदाम को सील कर पटाखा से



भरे एक लोडिंग वाहन को जप्त किया है। थाना टीआई नीरज वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के त्यौहार के चलते अवैध रुप से विस्फोटक सामग्री का भंडारण करने वालो के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान क्षेत्र में पैट्रौलिंग कर रही टीम को ग्राम जमुनियां छीर के पास एक लोडिंग गाड़ी खड़ी नजर आई। संदेह होने पर लोडिंग गाड़ी के ड्रायवर से पूछताछ करने पर पता चला की गाड़ी में पटाखे भरे हुये हैं, जो पास में स्थित मोहन मनवानी के गोदाम के है। पुलिस टीम ने मोहन मनवानी को मौके पर बुलाकर गाड़ी में भरे पटाखे व गोदाम के बारे में लायसेंस मांगा। लेकिन वह गोदाम में पटाखों के रखने के संबंध में कोई दस्तावेज नही दिखा सके। इसके बाद पुलिस ने राजस्व विभाग को इसकी सूचना दी।

# दोस्त का अफेयर मां से होने का था शक, बेटे ने उतार दिया मौत के घाट

### - दोस्तो के साथ मिलकर पहले गला रेता, फिर पत्थर से सिर कुचल दिया

भोपाल(ए)। राजधानी के हबीबगंज थाना इलाके में तीन युवकों ने मिलकर अपने ही दोस्त की बेरहमी से हत्या कर उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपियो ने पहले उसका गला रेता, इसके बाद भारी भरकम पत्थर मारकर उसका सिर कुचलकर हत्या की और लाश को सड़क पर छोड़कर फरार हो गये।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार अलसुबह हबीबगंज थाना पुलिस को सूचना मिली कि इलाके में स्थित श्याम नगर मल्टी में एक युवक की खून से लथपथ लाश पड़ी है। खबर मिलते ही डीसीपी आशुतोष गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुचंकर छानबीन की। शुरुआती जॉच में सामने आया की धारदार हथियार से मृतक का गला रेता गया और सिर और चेहरे को पत्थर से कुचला गया था। लाश के पास ही खून से



सना बड़ा पत्थर पड़ा था। आगे की जॉच में मृतक की पहचान हबीबगंज की श्याम नगर मल्टी में ही रहने वाले आशीष उईके (25) के रुप में हुई। वह पुताई ठेकेदारी का काम करता था। जांच के दौरान मुखबिर से पुलिस को पता चला की वहीं रहने वाले आरोपी रंजीत सिंह और मृतक आशीष के बीच पुराना विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है की रंजीत और आशीष के बीच पहले खासी दोस्ती थी, और आशीष का रंजीत के घर आना जाना भी था। बाद में रंजीत को आशीष और अपनी मां के बीच अफेयर का संदेह होने लगा था। रंजीत और आशीष के बीच दो दिन पहले विवाद हुआ था। तब रंजीत ने आशीष को आगे से उसके घर के आसपास भी नजर नहीं आने पर जान से मारने की धमकी दी थी। बताया गया कि आशीष शनिवार अलसुबह फिर रंजीत के घर के पास पहुंचा, जहां विनय और निखिल रंजीत के साथ पहले से मौजूद थे। आशीष को देखते ही तीनों ने उसे मौत के घाट उतार दिया। मुखबिर की मदद से पुलिस ने घेरांबदी कर तीन संदेहियों को हिरासत में ले लिया है। जिन्होंने पुलिस पूछताछ में हत्या करने की बात कबूल कर ली। फिलहाल पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी है।

# केरवा रोड पर बिजली के खंभे से टकराया बीटेक छात्र, हेलमेट न पहनने से सिर पर चोट के कारण मौत

भोपाल(ए)। केरवा रोड पर बाइक सवार बीटेक छात्र एक बिजली के खंभे से टकरा गया। हेलमेट न पहनने के कारण छात्र के सिर पर गंभीर चोट लग गई थी, करीब 24 घंटे इलाज के बाद शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। रोड पर स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण हादसे की शंका जताई जा रही है।




रातीबड़ पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है। एसआई रमेश सिंह के अनुसार 22 वर्षीय शिवकुमार मूलतः बिहार के सिवान जिले का रहने वाला था। वह राधारमण कॉलेज में बीटेक सैकेंड ईयर का छात्र था। साथ ही भोपाल में रातीबड़ क्षेत्र के हास्टल में रहता था। गुरुवार रात करीब 11 बजे वह अपने होस्टल से एनआईयू कॉलेज की ओर जा रहा था। केरवा रोड पर वह महुआ फार्म के पास ही पहुंचा ही था कि तभी सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गया। शिव कुमार अपने सिर पर हेलमेट नहीं पहने था, जिससे हादसे के बाद सड़क पर गिरने से उसके सिर पर चोट लग गई थी।राहगीरों की मदद से उसे निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया था। वहां शुक्रवार-शनिवार रात करीब एक बजे उसकी मौत हो गई।

# शांति एवं सौहार्द से मनाएँ त्यौहार, पुलिसकर्मी अपना आचरण रखें उत्तम : डीजीपी कैलाश मकवाणा

भोपाल (ए)। धनतेरस,दीपावली, गोवर्घन पूजा,भाईदूज एवं चित्रकूट,रतनगढ़ और हिंगोट मेले के अवसर पर प्रदेश में शांति, कानून-व्यवस्था एवं सौहार्द बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जोनल पुलिस महानिरीक्षकों, पुलिस आयुक्त इंदौर-भोपाल के साथ बैठक की। बैठक में एडीजी (इंटेलिजेंस) श्री साई मनोहर, आईजी लॉ एंड ऑर्डर अंशुमान सिंह सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



श्री मकवाणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी जिलों में त्यौहारों के दौरान नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को ध्यान में रखते हुए पुलिस व्यवस्था पूर्णत: चाक-चौबंद रखी जाए। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जिलों में पूरे बल की समीक्षा करें और संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बीट स्तर पर इंटेलिजेंस को सक्रिय रखने और सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से नागरिकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने पर जोर दिया।उन्होंने बाजारों में प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा कि अधिकारी स्वयं पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें। श्री मकवाणा ने बताया कि शहरों के बाहरी इलाकों, मार्गों एवं प्रमुख स्थानों पर सतत पेट्रोलिंग रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दीपावली के दौरान अवैध पटाखा विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और वैध विक्रेताओं द्वारा सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा आगजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु फायर ब्रिगेड, नगरीय निकाय और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया।

डीजीपी ने कहा कि शहरों के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थानों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि धर्म, जाति या समुदाय आधारित विवादों से जुड़े व्यक्तियों और स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। श्री मकवाणा ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले संदेशों और वीडियो पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। यदि कोई भ्रामक या विवादित सामग्री प्रसारित हो रही है, तो उसका तत्काल खंडन कर सही जानकारी जनता तक पहुँचाई जाए।उन्होंने आगे बताया कि आगामी दिनों में आयोजित होने वाले प्रमुख त्यौहारों और मेलों के दौरान संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। धनतेरस 18 अक्टूबर को है, दीपावली 20 अक्टूबर को, गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर और भाई दूज 23 अक्टूबर को मनाई जाएगी।

# स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश के श्री सरोठिया को मिला अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड

## उत्कृष्ट कार्य के लिये यूनाइटेड नेशन ने किया पुरस्कृत




भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर वन विभाग द्वारा वन, वन्य-जीव एवं जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में लगातार नये आयाम स्थापित किये जा रहे हैं। वन विभाग के अंतर्गत गठित स्टेट टाइगर फोर्स मध्यप्रदेश के उप वन संरक्षक (भावसे) रितेश सरोठिया को वन एवं वन्य-जीव अपराध की रोकथाम के लिये राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिये यूनाइटेड नेशन द्वारा द एशिया एनवायरमेंटल इन्फोर्समेंट रिकगनिशन ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड 2024-25 प्रदान किया गया है। यह अवॉर्ड यूएनईपी द्वारा 17 अक्टूबर को बैंकाक (थाईलेंड) में हुए वर्चुअल समारोह में दिया गया।

यूनाइटेड नेशन द्वारा उक्त अवॉर्ड उन व्यक्तियों, सरकारी संस्थाओं को प्रदान किया जाता है जो देश से सीमापार अपराध अन्वेषण में राष्ट्रीय कानूनों के प्रवर्तन में उत्कृष्ट नेतृत्व का प्रदर्शन करते हैं। इसमें वन्य-जीव और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, खनिजों और रेत का अवैध व्यापार परिवहन, अपशिष्ट रसायनों, कीटनाशक का अवैध व्यापार, ओजोन क्षयकारी पदार्थ और हाइड्रोफ्लोरोकार्बन के अवैध व्यापार की रोकथाम के लिये दिया जाता है। अवॉर्ड चयन के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ज्यूरी, जिसमें प्रतिष्ठित संस्थाओं में यूएनईपी, इंटरपोल, यूएनओडीसी, वर्ल्ड बैंक, एसआईटीईएस और यूएनडीपी के प्रतिनिधि द्वारा गहन विचार-विमर्श के बाद दिया जाता है।इस वर्ष के अवॉर्ड में वन्य-जीवों के अवैध व्यापार पर प्रभावी रूप से नियंत्रण के लिये उत्कृष्ट कार्य करने वाले भारत चीन, इंडोनेशिया और सिंगापुर की कुल 7 कानून प्रवर्तन संस्था/अधिकारियों को विभिन्न श्रेणी में सम्मानित किया गया है। मध्यप्रदेश के स्टेट टाइगर फोर्स के प्रभारी श्री सरोठिया ने अंतर्राष्ट्रीय वन्य-जीव संगठित गिरोहों, जिनका नेटवर्क भारत, चीन, नेपाल, भूटान और म्यांमार में फैला है के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की। उन्होंने कई कानून प्रवर्तन संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर वन अपराधों में लिप्त सरगनाओं को गिरफ्तार किया। श्री सरोठिया ने सरगनाओं के विरुद्ध दर्ज प्रकरण का वैज्ञानिक अन्वेषण कर उन्हें सजा दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। श्री सरोठिया को वन, वन्य-जीव कानून प्रवर्तन में अहम भूमिका निभाने के लिये सम्मानित किया गया।प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख एवं वन संरक्षक वन्य-जीव के सतत मार्गदर्शन में कार्य करते हुए मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर फोर्स द्वारा श्री सरोठिया के नेतृत्व में विगत कुछ वर्षों में वन एवं वन्य-जीव अपराधों में लिप्त राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश कर लगभग 1500 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस इकाई द्वारा किये गये वन्य-प्राणी संरक्षण कार्य की सराहना न केवल प्रदेश, देश बल्कि देश के बाहर भी की गयी है। इंटरपोल द्वारा 4 बार मध्यप्रदेश एसटीएफ की प्रशंसा की गयी।

# धनतेरस पर बाजारों में लगा जाम, जमकर हुई खरीदारी, करोड़ों का हुआ व्यापार



मुरैना,(ए.)। दीपावली से 2 दिन पूर्व धन्वंतरि जयंती एवं धनतेरस पर शुभ मंगल योग में खरीदारी के लिए शनिवार को दोपहर से ही बाजारों में भीड़ उभरने लगी और हर सेक्टर में जमकर खरीदारी हुईं इलेक्ट्रॉनिक आइटम बिजली के आइटम के अलावा गिफ्ट सेंटर पर सजावट की वस्तुओं को खरीदने तो वही सराफा बाजार में ज्वेलर्स की दुकानों पर देर दोपहर के बाद सोना चांदी के अलावा अन्य वस्तुओं की खरीदारी के लिए महिला पुरुषों की भारी भीड़ देखने को मिली, जिसके कारण शहर के बाजारों में रास्ते जाम हो गए। धनतेरस की खरीदारी को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा जगह-जगह पुलिस तैनात की गई थी लेकिन इसके बावजूद भी व्यवस्थाएं संभालते नहीं दिखाई दी और यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। धनतेरस पर खरीदारी को शुभ बताया जाता है इसके कारण सोना-चांदी एवं बर्तनों की दुकानों पर देर रात्रि तक बाजारों में चहल-पहल रही। वहीं महिलाओं व बच्चों की भीड़ कपड़े की दुकान व घर को सजाने के लिये गुलदस्ते व रंगबिरंगी रंगोली सजाने के लिये रंग व तरह-तरह के आइटम खरीदते नजर आये। सुबह से ही धनतेरस के अवसर पर शहर के मुख्य बाजारों हनुमान चौराहा, लोहिया बाजार, सदर बाजार, सिकरवारी बाजार, शंकर बाजार, झण्डा चौक, पंसारी बाजार, स्टेशन रोड पर काफी तादाद में भीड़ देखी गई। सुबह से ही बर्तनों की दुकानों, सर्राफे बाजार में अत्यधिक भीड़ देखी गई। हिन्दू मान्यता के अनुसार धनतेरस के दिन हर व्यक्ति कुछ न कुछ जरूर खरीदता है, जिसके कारण शनिवार को दिन भर बर्तन व सर्राफा व्यापारियों के यहां काफी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही खरीदी का सिलसिला शुरू हो गया जो देर रात तक चलता रहा। हजारों लोग अपने बजट के अनुसार इन बाजारों में खरीददारी करने पहुंचे। कोई सोना-चांदी तो कोई बर्तन तो कोई कपड़े, तो कोई वाहन तो कोई प्रोपर्टी, इलेक्ट्रोनिक उपकरण खरीदता नजर आया।धनतेरस को भगवान धन्वंतरि की विशेष पूजा की जाती है। पुराणों में लिखी कथा के अनुसार देवताओं व दैत्यों ने जब समुद्र मंथन किया तो उसमें कई रत्न निकले।

## स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण और उपयोग से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प होगा पूरा : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### प्रजापति समाज के 110 परिवारों को विद्युत चलित शैला चाक प्रदत्त



रीवा (ए.)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण व उपयोग से ही आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा हो सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी उत्पादों के उपयोग में देश आगे बढ़ रहा है। उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यम योजनान्तर्गत रीवा में आयोजित कार्यक्रम में प्रजापति समाज के 110 परिवारों को विद्युत चलित शैला चाक का वितरण किया।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रजापति समाज के परिवार विद्युत शैला चाक से अपनी परंपरागत कला एवं उत्पादों का निर्माण कर स्वरोजगार स्थापित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वाहन पर स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। प्रजापति परिवार भी विद्युत चलित शैला चाक द्वारा उत्पादों का निर्माण कर अपनी परंपरागत पहचान को बनाए रखने में सक्षम होंगे।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि धनतेरस के अवसर पर यह कार्य प्रजापति समाज के लिए शुभ साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति बधाई के पात्र हैं जिनके प्रयासों से विद्युत शैला चाक का वितरण कराकर प्रजापति समाज के लोगों को उनके परंपरागत हुनर को आगे बढ़ाने में मदद मिली है। यह वास्तव में स्वदेशी जागरण का बड़ा मंत्र है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा शहर के निपनिया मोहल्ले में निवास करने वाले प्रजापति समाज के लोगों को भी चाक वितरण कराने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वयं चाक भी चलाया तथा माटी का दीपक बनाया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती पन्ना बाई सहित जन-प्रतिनिधि व प्रजापति समाज के स्वरोजगारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राजस्व अधिकारियों ने किया पटाखा दुकानों और होटलों का निरीक्षण

**- कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कसी कमर**

रीवा (ए.)। मध्य प्रदेश के रीवा जिले में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। धनतेरस से लेकर भाईदूज तक दीपावली में विभिन्न तरह के आयोजन होंगे। पर्व के दौरान कानून



और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अमला लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहा है। इसी क्रम में शनिवार को धनतेरस के अवसर पर राजस्व अधिकारियों ने पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि राजस्व और पुलिस अधिकारी लगातार पटाखा विक्रय स्थलों तथा होटलों का निरीक्षण कर रहे हैं। पुलिस और राजस्व अधिकारी मिलकर कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं। बाजारों में खरीददारी के कारण भारी भीड़ है। भीड़ को नियंत्रित करने, यातायात प्रबंधन तथा असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## आयुष विभाग में धूमधाम से मनाई गई धन्वंतरि जयंती, मंत्री संपतिया उइके ने की पूजा-अर्चना

मंडला,(ए.)। मध्य प्रदेश के मंडला जिले में आयुष विभाग द्वारा शनिवार को धन्वंतरि जयंती के अवसर पर विशेष पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान धन्वंतरि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा सबके उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि एवं लक्ष्य की प्राप्ति की कामना की। मंत्री संपतिया उइके ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सब स्वस्थ रहें, अपने-अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें और हमारा देश-प्रदेश सदैव स्वस्थ एवं समृद्ध रहे। भगवान धन्वंतरि को आयुष का जनक माना जाता है, क्योंकि समुद्र मंथन के समय वे अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे और मानवता को आयुर्वेद का दिव्य ज्ञान प्रदान किया था।

## नंदनी गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की सराहना




विदिशा (ए.)। सिरोंज एसडीएम तहसील हरिशंकर विश्वकर्मा ने शनिवार को ग्राम पंचायत जैतपुर स्थित नंदनी गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया इस अवसर पर तहसीलदार तथा पशुपालन विभाग के डॉक्टर भी साथ मौजूद रहे । निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गौशाला परिसर में भूसा स्टोर हॉल , मक्का कर्वी, दाना भंडारण, दीपक निर्माण कार्य, सीसीटीवी कैमरा व्यवस्था तथा नए टीन शेड सहित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने निरीक्षण के पश्चात गौशाला प्रबंधन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की प्रशंसा की तथा कहा कि नंदनी गौशाला में पशुओं की देखरेख, भोजन-पानी एवं सुरक्षा के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने गौशाला प्रबंधन को इसी तरह स्वच्छता, अनुशासन एवं पशु कल्याण की दिशा में निरंतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## *जिले में अभी तक 1048.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज*

*छिन्दवाडा (ए.)। जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 1048.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1334 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 18 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान वर्षा नहीं हुई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 18 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसीलों में वर्षा नहीं हुई । उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 950.7, मोहखेड़ 997.9, तामिया में 1294.2, अमरवाड़ा 990.2, चौरई में 1038.8, हर्रई में 1452.9, बिछुआ में 990.4, परासिया में 787.3, जुन्नारदेव में 992.2, चांद में 1088.8 और उमरेठ में 1006.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।*

# व्यापार समाचार




**केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में जीएसटी बचत उत्सव पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करती हुई।**

## कृषि और ग्रामीण श्रमिकों को महंगाई से मिली राहत, सितंबर में मुद्रास्फीति दर घटकर -0.07 और 0.31 रह गई

नई दिल्ली (ए.)। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए मुद्रास्फीति दर क्रमशः -0.07 प्रतिशत और 0.31 प्रतिशत दर्ज की गई। कृषि श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 0.11 अंक घटकर 136.23 पर आ गया, जबकि ग्रामीण श्रमिकों का सूचकांक 0.18 अंक घटकर 136.42 पर पहुंच गया। आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में खाद्य सूचकांक कृषि श्रमिकों के लिए 0.47 अंक और ग्रामीण श्रमिकों के लिए 0.58 अंक घटा। लेबर ब्यूरो ने सितंबर माह के लिए आधार वर्ष 2019=100 के साथ कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जारी किए। ये सूचकांक 34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 787 नमूना गांवों से एकत्रित आंकड़ों पर आधारित हैं। रिवाइज्ड सीरीज ने सूचकांकों को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए इसके दायरे और कवरेज को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है और कई पद्धतिगत परिवर्तन शामिल किए हैं। उदाहरण के लिए, उपभोग पैटर्न में बदलाव के कारण भार डायग्राम (कुल व्यय में व्यय का हिस्सा) को संशोधित किया गया है। अर्थमेटिक मीन के स्थान पर जियोमेट्रिक मीन का इस्तेमाल किया गया है, क्योंकि जीएम कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करता है और उद्देश्य के अनुसार व्यक्तिगत उपभोग के



नवीनतम वर्गीकरण का उपयोग करता है।इस बीच, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित भारत की वार्षिक मुद्रास्फीति दर सितंबर में घटकर 0.13 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त में 0.52 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य मैन्युफैक्चरिंग, गैर-खाद्य वस्तुओं, अन्य परिवहन उपकरणों और वस्त्रों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। आंकड़ों के अनुसार, फसल की अधिक पैदावार और गेहूं व चावल के पर्याप्त बफर स्टॉक के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में इस महीने 1.38 प्रतिशत की गिरावट आई।

## भारत का औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स रियल एस्टेट क्षेत्र 2025 के पहले 9 महीनों में 28 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली (ए.)। औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स (आईएंडएल) रियल एस्टेट क्षेत्र द्वारा लीजिंग 2025 के पहले नौ महीनों में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़ी है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

वैश्विक वाणिज्यिक रियल एस्टेट और निवेश फर्म सीबीआरई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि समीक्षा अवधि के दौरान, शीर्ष आठ भारतीय शहरों - दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे, कोलकाता और अहमदाबाद - में कुल लीजिंग 37 मिलियन वर्ग फुट रही, जबकि पिछले साल यह 28.8 मिलियन वर्ग फुट थी। रिपोर्ट में कहा गया कि इस साल के पहले 9 महीनों के दौरान कुल लीजिंग गतिविधि में दिल्ली-एनसीआर की हिस्सेदारी सबसे अधिक 11.7 मिलियन वर्ग फुट रही, इसके बाद बेंगलुरु 5.7 मिलियन वर्ग फुट के साथ दूसरे और हैदराबाद 4.6 मिलियन वर्ग फुट के साथ तीसरे स्थान पर था। कुल लीजिंग में इन तीनों शहरों की कुल हिस्सेदारी 59 प्रतिशत रही।मुंबई और कोलकाता क्रमशः 4.2 मिलियन वर्ग फुट और 3.8 मिलियन वर्ग फुट लीजिंग के साथ चौथे और पांचवे स्थान पर थे।सीबीआरई के अध्यक्ष और सीईओ (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका) अंशुमान मैगजीन ने कहा, यह मांग मुख्य रूप से थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) प्रदाताओं के विस्तार और क्विक कॉमर्स में बढ़त के कारण है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के पहले नौ महीनों के दौरान, आपूर्ति में 23.8 मिलियन वर्ग फुट की वृद्धि हुई, क्योंकि संस्थागत निवेशक-समर्थित डेवलपर्स ने अपना विस्तार जारी रखा। इसमें बेंगलुरु, चेन्नई और मुंबई की सामूहिक रूप से 62 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।रपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई-सितंबर तिमाही में, कुल औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स लीजिंग 10.4 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच गई, जिसमें थर्ड-पार्टी लीजिंग (3पीएल) कंपनियों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, इसके बाद ई-कॉमर्स कंपनियों की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत और इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण फर्मों की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत थी।

## पीली धातु के 2026 तक 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने की संभावना : रिपोर्ट



नई दिल्ली ,(ए.)। पिछले धनतेरस के बाद से सोने ने रुपए के संदर्भ में लगभग 63 प्रतिशत और डॉलर के संदर्भ में 53 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक पीली धातु के 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने की संभावना है।

वेंचुरा सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व, ईटीएफ प्रवाह और केंद्रीय बैंक की खरीदारी से मिले नरम रुख वाले संकेतों के कारण सोने में तेजी आई है।

मार्च 2025 से सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं, जो 3,000 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर लगभग 4,254 डॉलर हो गई हैं।

भारत में धनतेरस 2024 को सोने की कीमतें 78,840 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर वर्तमान में 128,200 रुपए हो गई हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, धनतेरस 2025 से अगली तेजी की शुरुआत करते हुए, 5000 डॉलर प्रति औंस या 1,50,000 रुपए प्रति दस ग्राम के अनछुए स्तर 2026 में पहुंच सकता है।

वेंचुरा के कमोडिटीज एवं सीआरएम प्रमुख एन.एस. रामास्वामी ने अमेरिकी श्रम बाजार में बढ़ते नकारात्मक जोखिमों पर प्रकाश डाला, जिसके कारण दरों में कटौती जरूरी हो गई है।

रामास्वामी ने कहा, आर्थिक आंकड़ों (रोजगार और मुद्रास्फीति) में देरी के कारण ध्यान फेड अध्यक्ष पॉवेल पर है, जिन्होंने संकेत दिया था कि बढ़ते श्रम बाजार जोखिम एक और दर कटौती को उचित ठहराते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को अपने ऋण भुगतान की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और उसका राष्ट्रीय ऋण बढ़कर 37 ट्रिलियन डॉलर हो गया है।

## एनसीएच पर हर महीने एक लाख से अधिक शिकायतें की जा रही दर्ज, प्लेटफॉर्म को लेकर मजबूत हो रहा उपभोक्ताओं का विश्वास

नई दिल्ली ,(ए)। केंद्र के अनुसार, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और निष्पक्ष व्यावसायिक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में अपनी पहचान बनाई है। एनसीएच समय पर शिकायतों का निवारण कर उपभोक्ताओं, कंपनियों और अधिकारियों के बीच सहयोग को सुगम बनाता है। साथ ही, एनसीएच टेक्नोलॉजी का लाभ उठाकर व्यक्तियों को लंबी कानूनी प्रक्रियाओं के बिना न्याय पाने में सक्षम बनाता है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने से हेल्पलाइन की पहुंच और दक्षता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। कॉल की संख्या दस गुना से भी अधिक बढ़ गई है।कॉल की संख्या दिसंबर 2015 में 12,553 से बढ़कर दिसंबर 2024 में 1,55,138 हो गई है। वहीं, मासिक शिकायत पंजीकरण की औसत संख्या 2017 में 37,062 से बढ़कर 2025 में 1,70,585 हो गई है।

इसी तरह, कन्वर्जेंस पार्टनर की संख्या 2017 में 263 से बढ़कर सितंबर, 2025 तक 1,142 कंपनियों तक पहुंच गई है। इससे समय पर शिकायत निवारण के लिए सहयोगी तंत्र मजबूत हुआ है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## माओवाद का पराभव

यह बहस का मुद्दा है कि माओवाद का पराभव सिर्फ सरकारी नजरिया बदलने के कारण हुआ है, या अतिवादी रणनीति तथा भारतीय राज्य के चरित्र एवं समाज की समझ संबंधी गलतियां माओवादियों को इस मुकाम तक ले आई हैं।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के हाथों भारतीय संविधान की कॉपी ग्रहण कर वरिष्ठ माओवादी नेता मालोजुला वेणुगोपाल राव और उनके 60 अन्य साथियों ने समर्पण कर दिया। इसके साथ ही फड़णवीस ने एलान किया कि उत्तर गढ़चिरौली से माओवाद का खात्मा हो गया है, जबकि दक्षिण गढ़चिरौली में इसका थोड़ा-बहुत प्रभाव बाकी है। उधर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि देश में अब 'वामपंथी चरमपंथ' से अति ग्रस्त जिलों की संख्या महज तीन रह गई है, जबकि 2025 के आरंभ में यह छह थी। साधारण तौर पर 'वामपंथी चरमपंथ' से ग्रस्त जिलों की संख्या 18 से घट कर 11 रह गई है। गुजरे एक साल में सैकड़ों माओवादी मारे गए हैं, गिरफ्तार हुए हैं या उन्होंने समर्पण कर दिया है।

समर्पण करने वालों में कई बड़े चेहरे शामिल हैं, जिन पर करोड़ों रुपयों का इनाम घोषित था। तो इस तरह भाजपा सरकारें यह कहने की स्थिति में हैं कि 'वामपंथी चरमपंथ' को कानून-व्यवस्था की समस्या मानने का उनका नजरिया सही साबित हुआ है। कभी माओवादी पशुपतिनाथ (नेपाल) से तिरुपति (आंध्र प्रदेश) तक लाल कॉरिडोर बनाने के प्रयास में जुटे हुए थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 'वामपंथी चरमपंथ' को देश की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया था। मगर अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह दावा सच होने के करीब है कि फरवरी 2026 तक माओवाद का सफाया हो जाएगा।

बहरहाल, यह बहस का मुद्दा है कि माओवाद का यह पराभव सिर्फ सरकारी नजरिया बदलने के कारण हुआ है, या भारतीय राज्य के चरित्र एवं समाज की समझ संबंधी गलतियां माओवादियों को इस मुकाम तक ले आई हैं। विचारणीय है कि क्या राजनीति में अतिवादी दृष्टिकोण अपनाना और भारतीय राज्य के खिलाफ हर सामाजिक विभाजन रेखा का लाभ उठाने की उनकी रणनीति उनके लिए घातक साबित हुई? इस रणनीति के तहत धीरे-धीरे वे पहचान की राजनीति के इर्द-गिर्द गोलबंदी करने की हद तक चले गए, जिससे वे एक बंद गली में पहुंचे। इसी समय सरकार के नजरिए में आया बदलाव उन पर भारी पड़ा। नतीजा यह हुआ कि आखिरकार संवैधानिक दायरे के अंदर आने के लिए उन्हें मजबूर होना पड़ा है।



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में जीएसटी बचत उत्सव पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए।

# नरक चतुर्दशी : यमराज के लिए दीपदान करने का पर्व

**योगेश कुमार गोयल**

कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, महापर्व की उस श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है 'नरक चतुर्दशी'। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व 'नरक चतुर्दशी' नाम में 'नरक' शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध भी किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीवाली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 19 अक्तूबर को मनाया जाएगा या 20 अक्तूबर को।

इस साल चतुर्दशी तिथि का आरंभ 19 अक्टूबर, रविवार को दोपहर 1 बजकर 51 मिनट पर हो रहा है और इसका समापन 20 अक्टूबर, सोमवार को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर होगा। यूं तो उदया तिथि के अनुसार, छोटी दिवाली 20 तारीख को मनाई जानी चाहिए लेकिन यम चतुर्दशी की पूजा चूंकि प्रदोष काल यानी शाम के समय ही की जाती है, इसीलिए नरक चतुर्दशी यानी छोटी दीवाली 19 अक्तूबर को मनाई जाएगी। 20 अक्तूबर को सुबह 5 बजकर 13 मिनट से सुबह 6 बजकर 25 मिनट तक का शुभ समय अभ्यंग स्नान के लिए श्रेष्ठ है क्योंकि इस मुहूर्त में किया गया स्नान सौंदर्य को बढ़ता है और तेजमय शरीर की प्राप्ति होती है। छोटी दीवाली पर यम का दीपक जलाने का शुभ मुहूर्त 19 अक्टूबर की शाम को है। नरक चतुर्दशी के दिन यम का दीपक शाम 6 बजकर 58 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 28 मिनट तक के बीच में जला सकते हैं।

'नरक चतुर्दशी' पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के




**(नरक चतुर्दशी (19 अक्तूबर) पर विशेष)**

भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है।यम को मृत्यु का देवता और संयम के अधिष्ठाता देव माना गया है।

नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी।

नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरूपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया गया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई।धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवाली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे। नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रात:काल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है।

# संपत्ति विरासत के विवाद आम है!

रजनीश कपूर

भारत में संपत्ति विरासत के मुख्यत: दो आधार होते हैं। वसीयतनामा (विल) और उत्तराधिकार कानून (सक्सेशन लॉ)। यदि किसी व्यक्ति ने वैध वसीयत बनाई है, तब संपत्ति उसी के अनुसार बांटी जाती है। अगर वसीयत में कोई गड़बड़ी या विवाद है, या अगर वसीयत ही नहीं है, तो 1925 का इंडियन सक्सेशन एक्ट लागू होता है।ं संपत्ति और वसीयत पर शायद किसी ने खूब लिखा है, अगर लिखोगे वसीयत अपनी, तो जान पाओगे ये हकीकत। तुम्हारी अपनी ही मिल्कियत में, तुम्हारा हिस्सा कहीं नहीं है।

प्रसिद्ध लोगों की संपत्ति का बंटवारा अक्सर विवादों के घेरे में रहता है। हाल ही में करिश्मा कपूर और उनके पूर्व पति, उद्योगपति संजय कपूर की संपत्ति को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहे विवाद ने समाज और कानूनी व्यवस्था के कई पहलुओं को उजागर किया है। इस संपत्ति विवाद का विश्लेषण करने पर यह साफ़ होता है कि न सिर्फ़ कपूर परिवार बल्कि पूरे देश के अनेक धनी परिवारों में यह समस्या आम है और अक्सर इसमें परिवारजनों के निजी रिश्ते और कानूनी पेचिदगियां उलझ जाती हैं।

संजय कपूर की मौत के बाद उनकी संपत्ति, जिसका मूल्य लगभग 30,000 करोड़ रुपये आंका जाता है, को लेकर करिश्मा कपूर की बेटी समायरा और बेटा कियान ने अपनी सौतेली माँ प्रिया सचदेव कपूर और अन्य पर आरोप लगाया कि वे दोनों बच्चों के अधिकारों को हड़प रही हैं। उन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें संजय कपूर के अंतिम वसीयत की वैधता को भी चुनौती दी गई है। बच्चों के वकील ने आरोप लगाया कि वसीयत में गंभीर गलतियाँ हैं तथा उसे मरने के सात हफ्ते बाद ही प्रस्तुत किया गया। बच्चों का कहना है कि उनके पिता ने उन्हें उनकी हिस्सेदारी का आश्वासन दिया था, लेकिन अचानक पेश की गई वसीयत में उनकी संपत्ति का कोई ज़िक्र नहीं है। दूसरी तरफ, प्रिया सचदेव कपूर की ओर से दावा किया गया है कि समायरा और कियान को पहले ही आर. के. परिवार ट्रस्ट के माध्यम से 1900 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं। लेकिन बच्चों के अनुसार उन्हें अभी तक उस धन की कोई भी किश्त नहीं मिली है। इस गंभीर कानूनी लड़ाई में संजय कपूर की मां, रानी कपूर ने भी अपनी बहू प्रिया के विरुद्ध अदालत में आरोप लगाए हैं कि वसीयत में गड़बड़ी हुई है और उनकी सहमति के बिना संपत्ति का हस्तांतरण किया जा रहा है।

भारत में संपत्ति विरासत के मुख्यत: दो आधार होते हैं। वसीयतनामा (विल) और उत्तराधिकार कानून (सक्सेशन लॉ)। यदि किसी व्यक्ति ने वैध वसीयत बनाई है, तब संपत्ति उसी के अनुसार बांटी जाती है। अगर वसीयत में कोई गड़बड़ी या विवाद है, या अगर वसीयत ही नहीं है, तो 1925 का इंडियन सक्सेशन एक्ट लागू होता है। ज्यादातर संपत्ति विवाद इन स्थितियों में आते हैं, वसीयत की प्रमाणिकता (छेड़छाड़ या जबरन तैयारी), सभी वैध उत्तराधिकारियों को उनका हक़ न मिलना, वसीयत के कानूनी तकनीकी मुद्दे (साक्ष्य, गवाह, तिथि या चिकित्सीय स्थिति) या परिवार के भीतर भावनात्मक और सामाजिक टकराव।

सुप्रीम कोर्ट ने कई मामलों में पारिवारिक संपत्ति विवादों पर फैसले दिए हैं, जो भारत में वसीयत और उत्तराधिकार कानून को स्पष्ट करते हैं। इनमें संयुक्त वसीयत की वैधता और उत्तराधिकारियों को उचित हिस्सा देने के दिशा-निर्देश शामिल हैं। कुछ मामलों में अदालतों ने संयुक्त वसीयत को मान्यता देते हुए उत्तराधिकारियों को मुआवजा भी दिया है।

संपत्ति विवाद को सुलझाने के लिए अदालत सबसे पहले वसीयत की प्रमाणिकता की जांच करती है। वसीयत को नियमित रूप से कानूनी तौर पर पंजीकृत होना चाहिए और उसके साक्ष्य होने चाहिए (गवाहों की उपस्थिति, दस्तावेज़ की तिथि, संपत्ति का स्पष्ट उल्लेख)। अगर वसीयत वैध साबित होती है, तो संपत्ति उसी के अनुसार बाँटी जाती है। यदि वसीयत साबित नहीं होती या कोई ग़लतफ़हमी होती है, तब अदालत उत्तराधिकार कानून के अनुसार बहनों, बच्चों, पत्नी, माता-पिता आदि को संपत्ति में समान हिस्सा देती है।


देश के कई अमीर और बड़े परिवारों में विरासत का विवाद पुराना है। अम्बानी, मोदी, ओबेरॉय, कपूर इत्यादि परिवारों में धन और वर्चस्व की लड़ाई कानून और मीडिया के केंद्र में आई है। मुख्य कारण हैं, परिवार में संवाद की कमी और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा, पारिवारिक ट्रस्ट और जटिल शेयरधारिता संरचनाएँ, जिस व्यक्ति की सम्पत्ति है, उसकी अंतर्निहित इच्छा स्पष्ट न होना या कानूनी दस्तावेज़ों की तकनीकी गलतियाँ तथा खुदगर्जी।इन घटनाओं से समाज और कानून के लिए कुछ महत्वपूर्ण सबक हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी वसीयत स्पष्ट, पारदर्शी और कानूनी रूप से दर्ज करानी चाहिए। परिवारजनों को संवाद के ज़रिए विवाद सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए, न कि सार्वजनिक रूप से लड़ाई को बढ़ाना चाहिए। अदालतें न्याय देने में निष्पक्ष रहती हैं, लेकिन लंबी कानूनी लड़ाइयों से परिवार का नुकसान और समाज की संसाधनों की बर्बादी होती है। बड़े पैमाने पर संपत्ति की पारदर्शिता जरूरी है ताकि भावी पीढ़ी संपत्ति विवादों से बच सके।संजय कपूर और करिश्मा कपूर के बच्चों का संपत्ति विवाद इस बात का प्रतीक है कि संपत्ति के बंटवारे का मसला केवल पैसों तक सीमित नहीं, बल्कि यह रिश्तों, विश्वसनीयता और सामाजिक पहचान से भी जुड़ा है। भारत में वसीयत और संपत्ति का बंटवारा केवल क़ानून का सवाल नहीं, बल्कि यह परिवार की संस्कृति, संवाद और इमानदारी का भी प्रतिबिंब है। जिस समाज में पारदर्शिता और न्याय को प्राथमिकता मिलेगी, वही अपने भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित संपत्ति अधिकार दे सकेगा। संपत्ति और वसीयत पर शायद किसी ने खूब लिखा है, अगर लिखोगे वसीयत अपनी, तो जान पाओगे ये हकीकत। तुम्हारी अपनी ही मिल्कियत में, तुम्हारा हिस्सा कहीं नहीं है।

## (विचार मंथन) वैश्विक अर्थव्यवस्था पर मंडराता कर्ज और मंदी का साया

(लेखक- सनत जैन

दुनिया की अर्थव्यवस्था आज एक ऐसे दो-राहे पर खड़ी है, जहाँ समृद्ध देशों की चकाचौंध के पीछे कर्ज का पहाड़ तेजी से बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जापान जैसे विकसित देशों का सार्वजनिक ऋण उनके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 110 फ़ीसदी से अधिक पहुँच गया है। यह महज आंकड़ों की जादुगरी नहीं है, बल्कि एक गहराते वैश्विक संकट का संकेत है, जिसकी आंच अब पूरी दुनिया को महसूस होने लगी है। दुनियां की महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका जैसे देश में हालात इतने खराब हैं कि सरकार को बार-बार लॉकडाउन जैसी नीतियों का सहारा लेना पड़ा है। लाखों लोग बेरोजगार हो चुके हैं और मध्यम वर्ग का जीवन-स्तर गिरता जा रहा है। महंगाई और टैक्स का बोझ इतना बढ़ गया है कि आम नागरिकों की जेबें खाली हो रही हैं, जबकि सरकारें अपने खर्चों को पूरा करने के लिए साल-दर-साल कर्ज पर निर्भर होती जा रही हैं। अमेरिका की यह समस्या अब केवल उसकी नहीं रही, फ्रांस, ब्रिटेन और जापान जैसे देशों में भी यही हाल है। दूसरी ओर, विकासशील देशों की स्थिति और भी विकट है। श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल जैसे देशों में हाल के वर्षों में जो जनविद्रोह देखे गए, वे इस बात के प्रतीक हैं कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का ढांचा हिल चुका है। बढ़ती महंगाई, घटती नौकरियाँ और शिक्षा-स्वास्थ्य पर कटौती ने आम जनता के जीवन को असहनीय बना दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीक जहाँ उत्पादकता बढ़ा रही हैं, वहीं बेरोजगारी को भी नई ऊँचाइयों पर पहुँचा रही हैं। लाखों लोग अपनी नौकरियाँ खो चुके हैं, और जो काम पर हैं, वे भी असुरक्षा की स्थिति में जी रहे हैं।

इस पर मौजूदा सरकारों का ध्यान रक्षा, ब्याज भुगतान और जलवायु परिवर्तन पर खर्च में तो है, परंतु जनता की बुनियादी जरूरतों को उपेक्षित किया हुआ है। शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च घटाने से सामाजिक असंतोष बढ़ रहा है। यूरोप और एशिया के कई देशों में लगातार विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं, सरकारें गिर रही हैं, पर नई सरकारें भी आर्थिक संकट का समाधान नहीं खोज पा रही हैं। इस अव्यवस्था के चलते जनता का विश्वास अपनी ही सरकारों और सिस्टम के प्रति तेजी से घट रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले वर्षों में यूरोप और अमेरिका जैसे विकसित देशों पर ब्याज, पेंशन, स्वास्थ्य, रक्षा और जलवायु खर्च का भारी दबाव रहेगा।




मेष- आज आपका दिन विशेष रूप से सकारात्मक रहने वाला है। आर्थिक मामलों में अपेक्षित लाभ मिल सकते हैं, और पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। माता के स्वास्थ्य में पहले की अपेक्षा सुधार देखने को मिल सकता है, और उन्हें आपकी ओर से कोई अपेक्षा हो सकती है। परिचितों से मिलने-जुलने से मन प्रसन्न रहेगा। यदि आप योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ेंगे, तो सभी कार्य सुचारू रूप से पूर्ण होंगे।

वृषभ- आज शुभ समाचार प्राप्त होने की संभावना है। इन सभी के बीच भी मानसिक हलचल बनी रह सकती है, अत: आत्मबल बनाए रखना आवश्यक होगा। आय और खर्च दोनों ओर बदलाव दिख सकते हैं, इसलिए वित्तीय फैसले सोच-समझकर लेना बेहतर रहेगा।

मिथुन-बड़े बुजुर्गों के सानिध्य में समय गुजरेगा और जीवन में लाभदायक अवसर प्राप्त होंगे। यदि कोई सरकारी या कानूनी बाधा थी, तो आज उसका हल मिल सकता है। आपके भविष्य की योजनाओं पर आज विशेष ध्यान और क्रियावली हो सकती है।

कर्क-आप कार्यक्षेत्र या व्यवसाय में प्रशंसा प्राप्त कर सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी और नए आरंभ संभव होंगे। यदि आपने कोई योजना अधूरा छोड़ी थी, आज उसमें सफलता मिलने की संभावना है।

सिंह-आपका व्यक्तित्व आज सकारात्मक सोच से निखरकर सामने आएगा। परिवार और समाज में आपकी भागीदारी बनी रहेगी। यदि आपने स्थान परिवर्तन या नई शुरुआत की सोच रखी है, तो आज उसके लिए अनुकूल समय हो सकता है।

कन्या-आज अचानक आय के नए स्रोत सामने आ सकते हैं। चुनौतियाँ होंगी लेकिन आपके प्रयास सफल साबित होंगे। परिवार और संबंधों में मदद मिलेगी। सूचना या संदेश के माध्यम से कोई काम बड़ों की मदद से हो सकता है।

तुला-महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आज संयम और समझदारी की आवश्यकता है। यदि कोई ऋण लेने की योजना हो, तो उससे पहले सभी पहलुओं को जाँचना चाहिए। कामों में व्यस्तता होगी लेकिन आप संतुलन बनाए रखेंगे।

वृश्चिक- आज आपके व्यवसाय में लाभ की संभावना है। सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अन्य लोगों की बातों में आकर न चलें, बल्कि अपने निर्णयों पर आत्मविश्वास रखें। कुछ वातावरण संबंधित चुनौतियाँ हो सकती हैं, लेकिन आपकी मेहनत उन्हें पार कर सकती है।

धनु-आपके प्रयासों को आज उचित परिणाम मिलेगा। किसी नए व्यवसाय की शुरुआत हो सकती है। शिक्षा या करियर से जुड़े उपाय सफल रहेंगे। बड़ी बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

मकर-आज परिवार का सहयोग आवश्यक हो सकता है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। पड़ोसियों या संबंधियों के साथ सामंजस्य बनाए रखने पर ध्यान देना चाहिए। बच्चों से जुड़ी गतिविधियों पर निगरानी जरूरी होगी।

कुंभ-आपका दिन सामाजिक और दान-पुण्य संबंधी कार्यों में बीतेगा। आपके प्रयासों से व्यवस्था बनेगी और कुछ कठिन रास्ते आसान हो जाएंगे। मित्रों का साथ और समर्थन मिल सकता है।

मीन-आज तनाव से राहत मिलेगी। अनुभवी व्यक्तियों से संवाद और मार्गदर्शन मिलने की संभावना है। आपकी धन-आय में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक स्तर पर आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और संबंधों में मधुरता रहेगी।

# कही दिल्ली पेयजल की प्यासी न हो जाए!

विनीत नारायण

गौरतलब है कि अकबर की राजधानी फतेहपुर सीकरी पानी के अभाव के कारण मात्र 15 सालों में ही उजड़ गई थी।ं दिल्ली का संकट केवल एक चेतावनी है। आने वाले वर्षों में संकट और बढ़ेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक़, यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो 2030 तक देश के आधे बड़े शहर 'जल-विहीन' क्षेत्रों की श्रेणी में आ सकते हैं। इसलिए अब समय है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर दीर्घकालिक रणनीति अपनाएँ।

इस वर्ष देश भर में हुई भारी बारिश और जल प्रलय के बावजूद भारत के शहरी क्षेत्रों में जल संकट है। पेयजल संकट आशंका नहीं, बल्कि एक कठोर सच्चाई है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु जैसे महानगर, जो आर्थिक प्रगति और आधुनिक जीवनशैली के प्रतीक हैं, अब जल प्रबंधन की विफलता के गंभीर परिणाम झेल रहे हैं। हाल ही में दिल्ली के वसंत कुंज क्षेत्र में तीन बड़े मॉल और आसपास की सप्लाई के पूरी तरह ठप हो जाने से यह संकट फिर सुर्ख़ियों में आया।

इन प्रतिष्ठानों को बंद करने की नौबत इसलिए आ गई है क्योंकि टैंकरों से इनकी जल आपूर्ति रुक गई, जबकि भूजल दोहन (ग्राउंड वॉटर बोरिंग) पर पहले से ही एनजीटी ने प्रतिबंध लगा रखा है। यह स्थिति केवल अस्थायी तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि एक गहरे प्रशासनिक और नैतिक संकट की ओर संकेत करती है। पिछले सात दशकों में खरबों रुपया जल प्रबंधन पर खर्च किए जाने के बावजूद ऐसा है तो आखिर क्यों??

दिल्ली महानगर की जनसंख्या 2 करोड़ से अधिक है। इससे जल आपूर्ति की व्यवस्था लंबे समय से दबाव में है। दिल्ली जल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, शहर में प्रतिदिन करीब 1,000 मिलियन गैलन पानी की मांग है, जबकि उपलब्धता मुश्किल से 850 मिलियन गैलन तक पहुँच पाती है। वसंत कुंज जैसे पॉश इलाकों में भी पिछले कुछ वर्षों से पानी की टंकियों और निजी टैंकरों पर निर्भरता बढ़ी है। परंतु इस बार स्थिति पहले से कहीं अधिक भयावह हो गई क्योंकि प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक कारणों से टैंकरों की आवाजाही पर रोक लगा दी। इस निर्णय का सबसे बड़ा असर व्यापारिक केंद्रों जैसे मॉल्स, रेस्तरां और दुकानों पर पड़ा है। इन मॉल्स में हज़ारों कर्मचारी काम करते हैं और प्रतिदिन लाखों ग्राहक आते हैं; बिना पानी के ऐसी व्यवस्था एक दिन भी नहीं चल सकती। शौचालय, सफाई, भोजनालय, अग्निशमन प्रणाली, सब कुछ जल आपूर्ति पर निर्भर हैं। जब टैंकरों की आपूर्ति रुकी, तो केवल व्यापार ही नहीं, आसपास के आवासीय समाज भी संकट में पड़ गए।दिल्ली सरकार ने कुछ वर्ष पहले भूजल दोहन पर सख्त प्रतिबंध लगाया था। उद्देश्य यह था कि गिरते जलस्तर को रोका जाए। यह पहल पर्यावरणीय दृष्टि से आवश्यक था, क्योंकि लगातार बढ़ते दोहन ने दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में भूजल को 300 फीट से भी अधिक नीचे पहुँचा दिया था। लेकिन सवाल यह है कि क्या पहले वैकल्पिक व्यवस्था पर्याप्त रूप से विकसित की गई?

जब सरकार ने ग्राउंड वॉटर बोरिंग को गैरकानूनी घोषित किया, तब उसके समानांतर रूप में मजबूत टैंकर नेटवर्क, पुनर्चक्रण संयंत्र और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने चाहिए थे। दुर्भाग्यवश, नीतियाँ बनीं पर उनका कार्यान्वयन अधूरा रह गया। परिणामस्वरूप, लोग न तो कानूनी तरीके से पानी निकाल सकते हैं, न सरकारी वितरण पर भरोसा कर सकते हैं। सोचने वाली बात यह है कि यदि जाड़ों में यह हाल है तो गर्मियों में क्या होगा?

दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पानी की आपूर्ति से जुड़ा टैंकर कारोबार वर्षों से विवादों में रहा है। कई जगह यह सार्वजनिक सेवा से अधिक निजी व्यवसाय बन चुका है। अधिकारियों और टैंकर ठेकेदारों के बीच मिलीभगत के आरोप नए नहीं हैं। दिल्ली में जल आपूर्ति में आई यह हालिया बाधा भी ऐसे ही भ्रष्टाचार की परतें उजागर करती प्रतीत होती है।त्योहारों के मौसम में जब पानी की मांग बढ़ जाती है, घरों में सजावट, साफ-सफाई और उत्सव आयोजन अधिक होते हैं। ऐसे समय पर टैंकरों की आवाजाही पर प्रतिबंध या 'तकनीकी समस्या' का बहाना बना देना संदेह उत्पन्न करता है। कई स्थानीय निवासियों का कहना है कि कुछ जल एजेंसियों ने टैंकरों की उपलब्धता को कृत्रिम रूप से सीमित कर कीमतें बढ़ाने की कोशिश की है। इससे न केवल आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा, बल्कि मॉल्स और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद करने की स्थिति आ गई। अगर यह सही हैं, तो यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि नैतिक दिवालियापन का उदाहरण है। जल जैसी बुनियादी संपदा के साथ ऐसा बर्ताव किसी नागरिक समाज में अक्षम्य अपराध है।

भारत में जल नीति के कई स्तर हैं। केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और नगरपालिका निकाय सभी अपने ढंग से मनमानी में काम करते हैष राष्ट्रीय जल नीति (2012) कहती है कि हर नागरिक को पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण पेयजल मिलेगा, पर छोटे शहरों को तो छोड़ें, दिल्ली जैसे शहरों में भी वास्तविकता इसके उलट है। नगरपालिकाएँ रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्यता घोषित करती हैं, पर अधिकांश इमारतों में यह प्रणाली केवल कागज़ों पर मौजूद है।

K✌K



राष्ट्रीय समाचार

रविवार 19 अक्टूबर 2025, नर्मदापुरम, (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 5

# भारत एक दशक में कमजोर पांच से शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ : पीएम मोदी



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 से पहले कमजोर पांच अर्थव्यवस्था वाले देश से भारत पिछले एक दशक में सरकार द्वारा किए गए विभिन्न क्षेत्रों के सुधारों के कारण दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभरा है। बैंकिंग क्षेत्र में हुए सुधारों की सराहना करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में बैंकों का राष्ट्रीयकरण इस तर्क के साथ किया गया था कि बैंकिंग को गरीबों तक पहुंचना चाहिए। लेकिन, बैंक गरीबों से दूर होते गए। एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 2014 में जब हम सत्ता में आए, तब भारत की आधी आबादी के पास बैंक खाता नहीं था। हमने बैंकिंग प्रणाली का लोकतंत्रीकरण किया और मिशन मोड में 50 करोड़ से ज्यादा जन-धन खाते खोले। हम बैंकिंग क्षेत्र में सुधार लाए।

उन्होंने कहा कि डिजिटल लेनदेन ने भारत को वित्त के मामले में सबसे समावेशी देशों में से एक बना दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आयकर और जीएसटी सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि इन सुधारों से 2.5 लाख करोड़ रुपए की बचत सुनिश्चित है। जीएसटी की वजह से त्योहारी सीजन में बिक्री ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जीएसटी सुधारों से कीमतें कम हुई हैं, ऋण प्रवाह सुचारू हुआ है, कर व्युत्क्रमण संबंधी मुद्दों का समाधान हुआ है और विवादों में कमी आई है, जिससे अंततः उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए लागत में कमी आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने सरकारी कंपनी बीएसएनएल के बदलाव की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत उन टॉप 5 देशों में शामिल है, जिनके पास अपनी 4जी तकनीक है। इस स्वदेशी 4जी तकनीक, जिसे भारत टेलीकॉम स्टैक कहा जाता है, को बीएसएनएल के लगभग 1 लाख टावरों पर इस्तेमाल किया गया है। इससे ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी बेहतर हुई है और ब्रॉडबैंड का दायरा बढ़ा है। यह तकनीक अब वैश्विक निर्यात के लिए भी तैयार है। पीएम मोदी ने यूपीआई की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत ने सबको गलत साबित किया और आज दुनिया के 50 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन भारत में होते हैं। यूपीआई ने वैश्विक डिजिटल भुगतान बाजार में अपनी मजबूत जगह बनाई है।




गृह मंत्रालय के सचिव, श्री गोविंद मोहन नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित भगोड़ों के प्रत्यर्पण - चुनौतियों और रणनीतियों पर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए।

## श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने पीएम मोदी से की मुलाकात, कई मुद्दों पर बातचीत

नई दिल्ली, (आरएनएस)। श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या दो दिवसीय यात्रा पर भारत में मौजूद हैं। अपनी यात्रा के दूसरे दिन उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह मुलाकात बहुत अच्छी रही। हमने इस बात पर चर्चा की कि हम अपने बीच स्थापित अच्छे संबंधों को कैसे बनाए रख सकते हैं। उन्होंने मुझसे मेरी भारत यात्रा और मैंने जो कुछ किया है, उसके बारे में पूछा। इसलिए यह एक अच्छी बातचीत रही। उन्होंने कहा कि हमारे बीच पहले से ही कई सहयोग चल रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भारत से समर्थन मिला है। हालांकि, हमने और अधिक संस्थागत सहयोग बनाने की संभावना पर भी चर्चा की और प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे यहां चल रहे शिक्षा सुधारों के बारे में कई सुझाव दिए। हमने अपनी-अपनी नीतियों पर चर्चा की।

मछुआरों के मुद्दे पर श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने कहा कि यह एक सतत मुद्दा है और इस पर चर्चा की जानी चाहिए। हमें अपने मछुआरों की आजीविका की भी रक्षा करनी है, लेकिन हम समझते हैं कि यह एक संवेदनशील मुद्दा है और हम इस पर बातचीत जारी रखेंगे। इससे पहले श्रीलंकाई पीएम ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की थी। वह दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज भी पहुंची। वह हिंदू कॉलेज में कार्यक्रम में शामिल हुईं।

## व्यापारियों की दीपावली मनेगी भव्य, 738 करोड़ जीएसटी रिफंड जारी : सीएम रेखा गुप्ता



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली सरकार की ओर से राजधानी के कारोबारियों की दीपावली को भव्य और वैभवपूर्ण बनाने के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता का कहना है कि दीपावली से पूर्व तक दिल्ली के व्यापारियों को उनका जीएसटी रिफंड लगातार दिया जा रहा है। इस मद में उन तक 738 करोड़ की राशि पहुंचा दी गई है। यह प्रकिया जारी है और आधुनिक तकनीक के जरिए व्यापारियों को लगातार उनका जीएसटी रिफंड निपटाया जा रहा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि उनकी सरकार आम जन तक भी खुशियां पहुचांने का लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत हम पानी के लंबित बिलों व अनधिकृत पेयजल व सीवर के कनेक्शनों पर भारी राहत दे रहे हैं, इसके लिए पेमेंट चार्ज व पेनल्टी पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। हमारी सरकार की यह योजना भी आम जन के लिए दीपावली का उपहार है।

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि हमारी सरकार व्यापारियों का जीएसटी रिफंड करने के लिए लगातार प्रभावी प्रयास कर रही है। इसे निपटाने के लिए नई तकनीक का भी प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के परिणामस्वरूप व्यापार व कर विभाग ने अभी तक 1002 करोड़ रुपये के लंबित जीएसटी रिफंड मामलों को सफलतापूर्वक निपटा दिया गया है। इनमें से 738 करोड़ रुपये की राशि दिल्ली के व्यावसायिक संस्थानों और व्यापारियों को रिफंड के रूप में भेज दी गई है। विभाग की यह अब तक की उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसने रिफंड प्रक्रिया को नई गति दी है।

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि रिफंड निपटान प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए जीएसटी विभाग ने आईआईटी-हैदराबाद के सहयोग से एक उन्नत आईटी मॉड्यूल विकसित किया है। यह मॉड्यूल डेटा एनालिटिक्स, डेटा ऑटोमेशन और त्वरित जांच प्रक्रिया पर आधारित है, जिससे रिफंड आवेदन शीघ्रता से निपटाए जा रहे हैं। अभी तक विभाग द्वारा कुल 8259 रिफंड आवेदनों का निपटारा किया गया है, जो एक रिकॉर्ड संख्या है। इन आवेदनों में से 7409 आवेदन 10 लाख रुपये से कम के रिफंड दावों से जुड़े थे। इन छोटे दावों के शीघ्र निपटारे से दिल्ली के छोटे व्यापारियों और व्यवसायियों को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री के अनुसार यह प्रयास न केवल करदाताओं के विश्वास को मजबूत करता है, बल्कि दिल्ली में व्यापारिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करेगा। दीपावली के आसपास रिफंड जारी होने से बाजारों में नकदी प्रवाह बढ़ेगा और व्यापारिक माहौल को नई ऊर्जा मिलेगी।

## सरकार के एक साल पूरा होने पर आप राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा का सीएम पर तीखा हमला

चंडीगढ़(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व केंद्रीय मंत्री खट्टर पर सीधा और तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सरकार जनता की नहीं बल्कि दिल्ली दरबार से चल रही है। नायब सिंह सैनी सिर्फ डमी सीएम हैं, जबकि असली सत्ता और फैसले आज भी खट्टर और भाजपा हाईकमान के हाथ में हैं। यह सरकार हरियाणा की जनता के लिए नहीं, भाजपा के राजनीतिक एजेंडे के लिए चलाई जा रही है।

अनुराग ढांडा ने कहा कि नायब सिंह सैनी के एक साल के शासन में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हृष्टऋक्र के आंकड़े खुद गवाही दे रहे हैं कि हरियाणा अब देश के सबसे असुरक्षित राज्यों में गिना जा रहा है। महिलाओं के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़े हैं, सज़ा दर घट रही है, और अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं बचा। सरकार का ध्यान जनता की सुरक्षा पर नहीं बल्कि राजनीतिक प्रचार पर है। प्रदेश की पुलिस और प्रशासन जनता की रक्षा की जगह भाजपा के नेताओं और कार्यक्रमों की सेवा में लगा है।

उन्होंने कहा कि किसानों के साथ अब तक का सबसे बड़ा विश्वासघात इसी सरकार में हुआ है। 24 फसलों पर रूस्क्क की गारंटी की बड़ी-बड़ी घोषणाएं की गईं लेकिन असल में मंडियों में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से ?700 से 500 तक कम दाम पर धान बेचने को मजबूर होना पड़ा। गेट पास में देरी, नमी और रंग के नाम पर कटौती, और लिफ्टिंग में भ्रष्टाचार ने किसानों की कमर तोड़ दी है। भाजपा सरकार किसान हितैषी नहीं बल्कि व्यापारी हितैषी है, और किसानों को सिर्फ चुनावी मोहरे की तरह इस्तेमाल कर रही है।

## आय से अधिक संपत्ति का मामला : एसोसिएट प्रोफेसर के लॉकर से मिला 72 लाख का सोना

जयपुर, (आरएनएस)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जयपुर इकाई ने अपने ऑपरेशन भू-देव के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए आय से अधिक संपत्ति के मामले में इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर के एसोसिएट प्रोफेसर रामअवतार मीणा के बैंक लॉकर की तलाशी ली। इस तलाशी के दौरान 560 ग्राम सोना बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 72 लाख रुपए आंकी गई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि रामअवतार मीणा के खिलाफ दर्ज प्रकरण संख्या 270/2025 (आय से अधिक संपत्ति) के तहत उनके विभिन्न ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। इस दौरान एक लॉकर की चाबी मिली थी। आज 17.10.2025 को एसीबी जयपुर नगर प्रथम इकाई ने भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) की इन्दिरा गांधी नगर शाखा स्थित लॉकर की तलाशी ली। लॉकर से बरामद 560 ग्राम सोने की वैल्यूएशन करवाई गई, जिसमें इसकी कीमत 72 लाख रुपये बताई गई है। एसीबी अधिकारी ने बताया कि रामअवतार मीणा के एक निर्माणाधीन मकान की वैल्यूएशन भी करवाई जा रही है, जिसमें और अधिक बेनामी संपत्ति सामने आने की संभावना है। एसीबी की कार्रवाई अभी जारी है।

## जोधपुर में हिट एंड रन की दर्दनाक वारदात : स्कूटी सवार श्याम बोराणा की मौके पर मौत, तेज़ रफ्तार क्रेटा चालक फरार

जोधपुर (आरएनएस)। शहर में एक दर्दनाक हिट एंड रन की घटना सामने आई है। मिल्कमैन कॉलोनी के आगे पासपोर्ट ऑफिस के पास एक तेज़ रफ्तार क्रेटा कार ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान श्याम रेस्टोरेंट के मालिक श्याम बोराणा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना दोपहर के समय की बताई जा रही है जब श्याम बोराणा अपनी स्कूटी से किसी काम से पासपोर्ट ऑफिस की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से तेज़ रफ्तार में आ रही एक सफेद क्रेटा कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि श्याम बोराणा सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।सूचना मिलने पर देव नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एमडीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

## अंता उपचुनाव 2025 - स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की सख्त तैयारी

जयपुर (आरएनएस)। निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव एवं अंता तथा अन्य उपचुनावों के दौरान नकदी, शराब, नशीले पदार्थों और अन्य प्रलोभनों की आवाजाही पर सख्त अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज नई दिल्ली स्थित निर्वाचन सदन में प्रवर्तन और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कानून प्रवर्तन एजेंसियों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान सक्रिय और निवारक कार्रवाई सुनिश्चित करने की उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनावों में धन, शराब, नशीले पदार्थों और अन्य प्रलोभनों के प्रभावों से निपटने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करना था।

बैठक में सीबीडीटी, सीबीआईसी, ईडी, डीआरआई, सीईआईबी, एफआईयू-आईएनडी, आरबीआई, आईबीए, एनसीबी, आरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी, बीसीएएस, एएआई और डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इसके साथ ही मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी (एसपीएनओ) और बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

बैठक के दौरान विभिन्न एजेंसियों ने आयोग को अपनी तैयारियों, प्रलोभन-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए उपायों और आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी।

## जेडीयू का एक और विधायक बागी, बरबीघा से सुदर्शन कुमार ने निर्दलीय दाखिल किया नामांकन

शेखपुरा , (आरएनएस)। बरबीघा के निवर्तमान जदयू विधायक सुदर्शन कुमार को पार्टी ने इस बार टिकट नहीं दिया, जिसके बाद वह निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर गए हैं। वहीं, पार्टी के फैसले से नाराज सुदर्शन कुमार ने बरबीघा सीट से ही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। 17 अक्टूबर को नामांकन के अंतिम दिन, उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में समर्थक झंडे-बैनर के साथ नारेबाजी करते नजर आए। जनता दल यूनाइटेड ने इस बार सुदर्शन कुमार का टिकट काट दिया है। उनके स्थान पर नालंदा निवासी कुमार पुष्पंजय को बरबीघा विधानसभा से पार्टी का प्रत्याशी बनाया गया है। जेडीयू के इस फैसले से विधायक सुदर्शन कुमार के समर्थकों में भारी रोष देखा जा रहा है। वहीं, टिकट कटने के बाद सुदर्शन कुमार ने अपने पैतृक गांव हथियावां में समर्थकों के साथ एक बैठक की थी।

## हिस्ट्री का टीचर नहीं बदला तो विद्यार्थी परिषद करेगा तालाबंदी व उग्र आंदोलन

रूपवास (आरएनएस)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने राजकीय महाविद्यालय रूपवास के प्राचार्य यादव सिंह जी को सोपा ज्ञापन देकर हिस्ट्री का टीचर बदलवाए जाने की मांग का ज्ञापन दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हिस्ट्री के टीचर कुशलपल उनका समय 1:00 बजे से 3:00 बजे तक है। लेकिन वह कभी भी 1:00 बजे नहीं आते हैं और 3:00 बजे से पहले ही चले जाते हैं। कभी 2:00 बजे तो कभी 2:30 बजे। इससे पहले भी उनको बताया गया था कि टाइम से आए। लेकिन वह अब भी अपनी मर्जी के टाइम से आते हैं। जिससे छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं से भी वह गलत व्यवहार कर रहे हैं। जिससे छात्रों में बड़ा रोष व्याप्त है।हश विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि हिस्ट्री के टीचर को बदला जाए। इनका व्यवहार बहुत गलत है। अगर शिक्षक को नहीं बदला गया तो विद्यार्थी परिषद संगठन एक बहुत बड़ा उग्र आंदोलन प्रदर्शन करेगा। वह कॉलेज की तालाबंदी भी करने पर मजबूर होगा।

प्राचार्य से निवेदन है की हिस्ट्री के टीचर को बदला जाए और कोई भी छात्र उनके खिलाफ ज्ञापन देता है तो छात्रों पर दबाव बना देते है। छात्रों से बहुत गलत व्यवहार करते हैं इसलिए जल्द से जल्द हिस्ट्री के टीचर कुशल पाल को बदलकर दूसरा टीचर लगाया जाए। इस अवसर पर नगर मंत्री विवेक गुप्ता, छात्रसंघ अध्यक्ष शुभम शर्मा, छात्र सेवक राहुल खैनवार, छात्र सेवक आकाश शर्मा, बंटी अंबेश, प्रशांत बंसल, छात्र शैलेश, छात्र राहुल मौजूद रहे।

## स्पष्ट नीति और साफ नीयत के साथ प्रदेश में तीन गुणा गति से हो रहा विकास : मुख्यमंत्री सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार किसान, गरीब, युवा और महिलाओं के कल्याण तथा उनके सर्वांगीण उत्थान के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की विकास की नीति स्पष्ट है, नीयत साफ है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में तीन गुणा गति से विकास के कार्य आगे बढ़ रहे हैं। राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ कार्य कर रही है। जिला पंचकूला में हरियाणा सरकार के गौरवमयी एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंद कल्याण, विधायक शक्ति रानी शर्मा और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में किया गया और प्रदेशभर के नागरिकों ने मुख्यमंत्री के संदेश को सुना। वंचित अनुसूचित जातियों को दिया उनका अधिकार, सरकारी नौकरियों, पंचायत व स्थानीय निकायों के चुनावों में भागीदारी हुई सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक वंचित रह गई अनुसूचित जातियों को उनका अधिकार दिया है। इससे इन जातियों के लिए सरकारी नौकरियों में, पंचायत व स्थानीय निकायों के चुनावों में भागीदारी सुनिश्चित हुई है। पिछड़ा वर्ग-बी को पंचायती राज संस्थाओं व शहरी स्थानीय निकायों में आरक्षण दिया है। सरपंच पद के लिए 5 प्रतिशत तथा अन्य पदों के लिए उनकी जनसंख्या का 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। इसके अलावा, सरकार ने प्रजापति समाज को मिट्टी के बर्तन का कारोबार चलाने के लिए 1700 गांवों में आवा-पजावा जमीन का अधिकार पत्र दिया है। अब उनके काम में कोई बाधा नहीं आएगी। हमने प्रजापति समाज के सम्मान को बढ़ाने का काम किया है।

# कांग्रेस और सपा अपनाए हुए हैं अंग्रेजों की फूट डालो, राज करो नीति : सीएम योगी




लखनऊ , (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान को लेकर राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो नीति अपनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश आजाद हो रहा था, तब अंग्रेजों ने भारत को कई हिस्सों में बांटने की साजिश रची थी। उनकी कोशिश थी कि भारत कभी एक न हो सके। विपक्षी दलों को लेकर कहा कि ये दल समाज में जाति, पंथ और मजहब के आधार पर फूट डालने का काम कर रहे हैं ताकि देश की एकता और अखंडता कमजोर हो। लेकिन, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी अद्भुत दूरदृष्टि और दृढ़ इच्छाशक्ति से 563 रियासतों को भारत गणराज्य में विलय कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि आज उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जो भारत एकजुट दिखता है, वह सरदार पटेल की देन है। इसलिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष से हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष समाज को बांटने की राजनीति कर रहा है, तब भाजपा की जिम्मेदारी है कि एकता और अखंडता के संदेश को हर गांव और हर विधानसभा तक पहुंचाया जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि 31 अक्टूबर को 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन पूरे प्रदेश में होगा। इसके बाद 1 नवंबर से 26 नवंबर तक हर विधानसभा क्षेत्र में 8 से 10 किलोमीटर लंबी 'एकता पदयात्रा' निकाली जाएगी। इसमें आर्मी के रिटायर्ड जवान, अन्नदाता, श्रमिक, भाजपा के अनुशांगिक संगठन, एनएसएस, एनसीसी और स्काउट गाइड सभी को जोड़ा जाएगा। यह कार्यक्रम सिर्फ औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि हर कार्यकर्ता को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। बूथ स्तर से लेकर जिला पदाधिकारी तक सभी को सक्रिय होना होगा।

सीएम योगी ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाएगा, जो बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। इस दिन प्रत्येक जिले से पांच युवाओं को दिल्ली भेजा जाएगा, जहां से वे गुजरात में होने वाली पदयात्रा में शामिल होंगे। यह यात्रा 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक चलेगी, ताकि युवा देशभर में सरदार पटेल और बाबा साहब दोनों के योगदान से प्रेरणा ले सकें।

# मोहित सूरी ने अनीत पड्डा के जन्मदिन पर सोशल मीडिया के जरिए दी बधाई



अभिनेत्री अनीत पड्डा मंगलवार को अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उन्हें निर्देशक मोहित सूरी ने खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी। निर्देशक ने इंस्टाग्राम पर अनीत के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। इसे निर्देशक ने कैप्शन दिया, जन्मदिन की बधाई हो, मेरी स्टार अनीत पड्डा। तुम्हारी मासूमियत ने न सिर्फ सैयारा को रोशन किया, बल्कि हमारी पूरी टीम के सपनों को नई उड़ान दी। सैयारा की हेरोइन अनीत ने अपना खास दिन अहान पांडे के साथ बिताया, जो फिल्म सैयारा में उनके ऑनस्क्रीन पार्टनर थे।अहान ने इंस्टाग्राम पर कई अनदेखी तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। एक क्लिक में दोनों कॉन्सर्ट के पास सेल्फी लेते दिखे। लेकिन सबसे ज्यादा हलचल एक छोटे वीडियो से मची, जहां अहान अनीत को एक रिंग पहना रहे हैं, जिससे फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि दोनों रिश्ते में हैं।बता दें, अनीत पड्डा ने सलाम वेंकी (2022) से छोटी भूमिका में डेब्यू किया, फिर बिग गर्ल्स डोंट क्राई सीरीज से पहचान बनाई। लेकिन अभिनेत्री को पहचान मोहित सूरी की सैयारा से मिली।यश राज फिल्म्स की इस म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा में अनीत ने वाणी बत्रा का रोल निभाया था, जो एक महत्वाकांक्षी गीतकार होती है और उसे अल्जाइमर्स हो जाता है। वहीं, अहान ने फिल्म में कृष कपूर की भूमिका अदा की थी। फिल्म ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि ओटीटी पर भी रिकॉर्ड बनाया।फिल्म की कहानी दो ऐसे युवा कलाकारों के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपने टूटे दिलों के साथ जिंदगी की नई शुरुआत करना चाहते हैं। कृष कपूर (अहान पांडे), एक होनहार संगीतकार है जो अपने जज्बातों को सुरों और गीतों के जरिए दुनिया तक पहुंचाना चाहता है, जबकि वाणी बत्रा (अनीत पड्डा), एक लेखिका है जो कविताओं में अपने दर्द को शब्दों में ढालती है।

# राजनीति मेरे स्वभाव के अनुरूप नहीं, बिहार चुनाव लड़ने की अटकलों पर खेसारी लाल यादव का बयान

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राज्य की सियासत में न केवल राजनीतिक चेहरों की हलचल तेज हो गई है, बल्कि फिल्मी सितारों की राय और बयानबाजी भी सुर्खियों में है। खासकर भोजपुरी सिनेमा से जुड़े सितारे इन दिनों चर्चा के केंद्र में हैं। इसी बीच, भोजपुरी सुपरस्टार खेसारीलाल यादव ने बिहार की राजनीति को लेकर अहम बयान दिए। उन्होंने न केवल विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की सराहना की, बल्कि प्रशांत किशोर की सोच को भी सराहा। वहीं पवन सिंह के निजी विवाद पर भी उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी और समाधान की सलाह दी।

खेसारी लाल यादव ने अपने बयान में साफ कहा कि अब वक्त आ गया है जब बिहार को एक बार बदलकर देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब तक बदलाव नहीं आएगा, तब तक राज्य का विकास भी संभव नहीं है। इस बार जनता की सोच में बदलाव आया है और जो नेता लोगों के विश्वास में खरा उतरेगा, वही चुनाव जीत सकता है। उन्होंने तेजस्वी यादव के कामकाज की तारीफ करते हुए कहा कि तेजस्वी ने युवाओं के लिए नई संभावनाएं और मौके खोले हैं, जो पहले नहीं दिखते थे। खेसारी का मानना है कि एक मौका हर किसी को मिलना चाहिए और यदि किसी ने अच्छा काम किया है तो उसे फिर से आगे बढ़ने का मौका भी मिलना चाहिए।राजनीति में अपने प्रवेश को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए खेसारी लाल यादव ने साफ किया कि न तो वे खुद चुनाव लड़ना चाहते हैं और न ही उनकी पत्नी चंदा देवी चुनाव लड़ने की इच्छुक हैं। उन्होंने बताया कि तेजस्वी यादव ने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन उन्होंने विनम्रतापूर्वक मना कर दिया। उन्होंने कहा कि राजनीति उनके स्वभाव के अनुरूप नहीं है और वे खुद को चुनावी माहौल में सहज महसूस नहीं करते। अपनी पत्नी को लेकर उन्होंने कहा कि वह भी चुनाव नहीं लड़ना चाहतीं क्योंकि इस समय बच्चे छोटे हैं और परिवार की प्राथमिकता ज्यादा अहम है।पवन सिंह



और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच चल रहे विवाद पर खेसारी लाल ने कहा कि यह पवन सिंह का व्यक्तिगत मामला है, लेकिन अगर दोनों पक्ष बैठकर बात करें तो किसी भी विवाद का हल निकाला जा सकता है।खेसारी ने उदाहरण देते हुए कहा कि जब पाकिस्तान और हिंदुस्तान जैसे देशों के बीच के विवाद बैठकर सुलझा सकते हैं, तो व्यक्तिगत विवाद भी बातचीत से सुलझाए जा सकते हैं। उन्होंने पवन सिंह को दुनिया के लिए एक आइकन बताया और कहा कि उन्हें अपने जीवन में हो रहे घटनाक्रमों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उनका कहना था कि किसी भी लड़ाई का हल झगड़े से नहीं, समझदारी से निकलता है।

प्रशांत किशोर को लेकर पूछे गए सवाल पर खेसारी लाल ने खुलकर कहा कि वह प्रशांत किशोर की सोच और विचारधारा से सहमत हैं।

## अजय देवगन के ससुर के किरदार में नजर आएंगे आर माधवन



मुंबई बालीवुड एक्टर अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' में अभिनेता आर माधवन के अभिनय को काफी सराहा गया था। एक बार फिर दोनों अभिनेता स्क्रीन साझा करने वाले हैं, इस बार फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में। इस फिल्म में माधवन, अजय देवगन के ससुर के किरदार में नजर आएंगे। इस नए किरदार पर बात करते हुए आर माधवन ने कहा कि उन्होंने पहले कभी किसी पिता या ससुर का रोल नहीं किया था, इसलिए शुरुआत में उन्हें थोड़ा नर्वस होना पड़ा।ट्रेलर लॉन्च के दौरान माधवन ने कहा, 卐मैंने पहले कभी पिता का किरदार नहीं निभाया है और अजय सर के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए मैं काफी नर्वस था। मैंने कई एक्टर्स को देखा है जो सेट पर आने के बाद भी व्यस्त रहते हैं, लेकिन अजय सर हमेशा पूरी तरह समर्पित रहते हैं। सेट पर हमारे बीच हमेशा एक अच्छा कनेक्शन बना।卐 सीक्वल करने के अनुभव पर माधवन ने कहा कि उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत नहीं है, जब तक कहानी मजबूत और अच्छी हो। उन्होंने कहा, 卐मुझे सीक्वल्स से कोई परेशानी नहीं है, बस कहानी अच्छी होनी चाहिए।

# छोटे भाई ईशान खट्टर की फिल्म होमबाउंड को मिली लोकप्रियता पर खुश हुए शाहिद कपूर



असिस्टेंट के रूप में अपना करियर शुरू करने वाले एक्टर ईशान खट्टर अपनी फिल्म होमबाउंड को लेकर सोशल मीडिया से लेकर फिल्मफेयर तक में सुर्खियां बटोर रहे हैं। ईशान और जान्हवी कपूर की फिल्म को बहुत पसंद किया जा रहा है, लेकिन कमाई के मामले में फिल्म आज भी पीछे है, लेकिन इसी फिल्म को कान्स और टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपनी कहानी के लिए स्टैंडिंग ओवेशन मिली थी। अब शाहिद कपूर ने अपने छोटे भाई ईशान की खुलकर तारीफ की है। शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की है जिसमें शाहिद और ईशान एक-दूसरे को गले लगा रहे हैं। दोनों भाइयों के बीच अच्छा बॉन्ड देखा जा रहा है। उन्होंने कैप्शन में ईशान पर गर्व महसूस करने की बात कही और लिखा, ये लड़का एक कलाकार है जो घर से जुड़ा हुआ है। ईशान, मुझे आप पर गर्व है। तुम्हें एक एक्टर के तौर पर पहचान बनाते हुए और अपने काम को पूरी ईमानदारी से करते देखना खुशी की बात है। शाहिद अपनी पोस्ट में अपनी खुशी शब्दों से जाहिर नहीं कर पा रहे हैं और बार-बार ईशान पर गर्व करने की बात कर रहे हैं।

फिल्म होमबाउंड में ईशान की एक्टिंग की तारीफ हर तरफ हो रही है। उन्होंने फिल्म में एक गरीब और छोटी जाति के लड़के का रोल प्ले किया है, जो सरकारी नौकरी पाकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदलना चाहता है, लेकिन वर्क प्लेस पर भी छोटी जाति को लेकर ईशान को जातिसूचक शब्दों का सामना करना पड़ता है। फिल्म में विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर भी हैं। ये तीनों दोस्त ही सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं, लेकिन फिल्म में ट्विस्ट तब आता है जब विशाल और ईशान दोनों को ही जाह्नवी कपूर से प्यार हो जाता है।

# प्रेग्नेंसी के दौरान की थी दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग : इशिता दत्ता

बॉलीवुड एक्ट्रेस इशिता दत्ता बहुत जल्द फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करती दिखाई देंगी। उन्होंने बताया कि जब वह गर्भवती थीं तभी उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। यह उनके लिए एक चुनौतीपूर्ण दौर था, लेकिन उन्होंने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।



इशिता ने यह भी बताया कि शूटिंग के समय उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की न्यूज को सीक्रेट रखा ताकि काम पर असर न पड़े। दो बच्चों, बेटे वायु और बेटी वेदा की मां बनने के बाद यह उनकी पहली फिल्म है जो रिलीज होने जा रही है। इशिता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में 'दे दे प्यार दे 2' के पोस्टर के बगल में अपनी एक तस्वीर साझा की। इसमें अभिनेत्री ने बताया कि इतने लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी करना एक नई शुरुआत जैसा लग रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, इस फिल्म के लिए बेहद उत्साहित हूं... दोनों बच्चों के बाद मेरी पहली फिल्म। इसकी शूटिंग के दौरान मैं गर्भवती थी। 4 साल बाद वापसी करना बहुत अजीब लग रहा है, मानो एक नई शुरुआत हो... आप सभी का आशीर्वाद चाहिए... क्या मैं कह सकती हूं कि मैं पोज देना भूल गई हूं, एक नई शुरुआत के लिए उत्साहित हूं। हाल ही में फिल्म दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज हुआ था। इसमें आयशा नाम की लड़की की स्टोरी है जो एक ऐसे शख्स से प्यार करती है जो उम्र में उनसे काफी बड़ा है। इसमें अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में आर. माधवन रकुल प्रीत सिंह के पिता के रोल में दिखाई देंगे। पहले तो वह इस रिश्ते से खुश रहते हैं, लेकिन बाद में धीरे-धीरे उनका असली रूप सामने आता है। इसका ट्रेलर लोगों को काफी पसंद आ रहा है। लोग कमेंट बॉक्स में कहते दिखे कि यह पहले पार्ट से बेहतर फिल्म होगी। अंशुल शर्मा ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। फिल्म की कहानी तरुण जैन ने लव रंजन के साथ मिलकर लिखी है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, लव रंजन, और अंकुर गर्ग इसके निर्माता हैं।

# डबिंग पूरी हुई : मेगास्टार अनिल कपूर सूबेदार के किरदार में पूरी तरह डूबे

मेगास्टार अनिल कपूर ने सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित अपनी आगामी एक्शन-ड्रामा फिल्म सूबेदार की डबिंग आधिकारिक तौर पर पूरी कर ली है। निर्देशक द्वारा साझा की गई एक दमदार बिहाइंड-द-सीन्स पोस्ट के साथ इस घोषणा ने प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है,



जिससे साल की सबसे चर्चित थिएटर रिलीज़ में से एक की ओर एक और कदम बढ़ गया है। सुरेश त्रिवेणी ने डबिंग स्टूडियो से अनिल कपूर और अभिनेता सौरभ शुक्ला की एक प्रभावशाली तस्वीर साझा की, जिसमें दोनों अपने काम में पूरी तरह डूबे नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर फिल्म के कच्चे एहसास और गहराई भरी भावनाओं को शानदार ढंग से दर्शाती है। 'सूबेदार' का मूड इस तस्वीर में बखूबी झलकता है — एक सख्त, यथार्थ से जुड़ी और भावनाओं से भरपूर कहानी। भारत के हृदय प्रदेश में आधारित यह फिल्म अर्जुन सिंह की कहानी है — एक पूर्व सैनिक, जो अपने अतीत और बेटी के साथ टूटे रिश्ते की यादों से जूझते हुए नागरिक जीवन की जटिलताओं का सामना करता है। भीतर और बाहर दोनों तरह की लड़ाइयों से गुजरते हुए, यह फिल्म कर्तव्य, हानि और मुक्ति के विषयों को उजागर करती है।

हाल ही में अनिल कपूर ने डबिंग बूथ से एक शक्तिशाली पल साझा किया, जिसमें वे एक डायलॉग बोलते नजर आए — गौर से सुनो!! सूबेदार बोल रहे हैं।यह संवाद सोशल मीडिया पर पहले ही वायरल हो चुका है। थिएटर रिलीज़ के लिए तैयार 'सूबेदार' एक ऐसी फिल्म होने का वादा करती है, जिसमें भावनाएँ, एक्शन और मनोवैज्ञानिक गहराई का एक अनूठा संगम है—एक ऐसी दुनिया जहाँ ताकत और कमज़ोरी का मिलन होता है। अनिल कपूर के लिए, यह एक और साहसी किरदार है, जिसमें शारीरिक ताकत के साथ-साथ भावनात्मक सूक्ष्मता दोनों की माँग करता है।

# प्रेगनेंसी में मां को क्या चीजें खानी चाहिए और क्या नहीं? जानिए पूरा डाइट प्लान



गर्भावस्था एक खूबसूरत सफर है। इस दौरान हर एक निवाला मायने रखता है। इस समय जो भी मां खाती है, वही आने वाले बच्चे की सेहत और विकास की नींव बनता है। इसलिए इस समय खाने-पीने की आदतों पर थोड़ा ज्यादा ध्यान देना जरूरी होता है। सबसे पहले बात करें पौष्टिक आहार की, तो गर्भवती महिला को रोजाना दूध या दही जैसे डेयरी प्रोडक्ट जरूर लेने चाहिए, क्योंकि इनमें कैल्शियम और प्रोटीन होता है, जो बच्चे की हड्डियों और दांतों के विकास के लिए बहुत जरूरी है। साथ ही, मौसमी फल और हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, बथुआ आदि खाने से शरीर को आयरन और फोलिक एसिड मिलता है, जो खून की कमी को दूर रखता है और बच्चे के ब्रेन डेवेलपमेंट में मदद करता है।

इसके अलावा, साबुत अनाज जैसे गेहूं, दालें, और चावल शरीर को एनर्जी देते हैं। गुड़ भी बहुत अच्छा होता है क्योंकि ये नेचुरल स्वीटनर है और शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ाता है। सूखे मेवे जैसे बादाम, अखरोट, और खजूर भी ताकत देते हैं और मां-बच्चे दोनों की इम्युनिटी को मजबूत बनाते हैं।

अगर बात करें क्या नहीं खाना चाहिए, तो गर्भावस्था में बासी खाना और बहुत ज्यादा मसालेदार या तला-भुना खाना पाचन में दिक्कत कर सकता है। ज्यादा खट्टा, नमकीन या भारी खाना भी शरीर पर बोझ डालता है। साथ ही, जरूरत से ज्यादा चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक पीने से बचना चाहिए, क्योंकि ये बच्चे की सेहत पर असर डाल सकता है।

थोड़ा-थोड़ा, बार-बार और सादा खाना सबसे अच्छा माना जाता है। खाना धीरे-धीरे, ध्यान से और आराम से खाना चाहिए ताकि पाचन भी अच्छा हो और शरीर को पूरा पोषण मिले। पानी खूब पीना चाहिए ताकि शरीर में डिहाइड्रेशन न हो।

एक स्वस्थ मां ही स्वस्थ बच्चे को जन्म देती है। इसलिए गर्भावस्था के इन नौ महीनों में संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इसके अलावा, अपनी दिनचर्या में भी थोड़ा बदलाव लाना जरूरी है। सुबह समय से उठें, वॉक पर जाएं, समय से खाना खाएं और रात को टाइम से सो जाएं।

# 700 किलोमीटर चलकर आया फैन, रुक्मिणी वसंत की मुस्कान ने जीता इंटरनेट का दिल!

इंटरनेट पर इस वक्त बस एक ही कहानी छाई है — एक जबरा फैन राजू (@Rajuw6115723) ने अपनी फेवरेट एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत से मिलने के लिए पूरे 700 किलोमीटर का सफर तय किया! दिल में बस एक ही ख्वाहिश, मोबाइल के लॉकस्क्रीन पर उनकी फोटो और जेब में ढेर सारी हिम्मत लेकर निकला ये फैन आखिरकार अपनी ड्रीम एक्ट्रेस से मिल ही गया — और अब सोशल मीडिया पर बस उसी मुलाकात की चर्चा है। कभी सोचा



नहीं था कि ये दिन देखूंगा, राजू ने ट्वीट किया. वो इतनी सादगी से मिलीं, और जब उन्होंने मेरे लॉकस्क्रीन पर अपनी फोटो देखी तो जो रिएक्शन दिया, वो अभी तक दिमाग से नहीं गया. मुलाकात की तस्वीरों में रुक्मिणी को राजू के हाथ से गुलाबी फूल लेते और मुस्कुराते देखा जा सकता है — वही दिल जीत लेने वाली मुस्कान जिसने उनके फैन्स के दिलों में हमेशा के लिए जगह बना ली है। सोशल मीडिया पर लोग इसे साल का सबसे प्यारा फैन मोमेंट बता रहे हैं, तो कुछ यूजर्स मजाक में कह रहे हैं कि राजू को बेस्ट फैन अवॉर्ड मिलना चाहिए उसकी दिल से की गई मेहनत और 700 किलोमीटर की डेडिकेशन के लिए रुक्मिणी वसंत भले ही अपनी नई फिल्मों और प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हों, लेकिन ये मुलाकात साबित कर गई कि असली फैनडम सिर्फ दीवानगी नहीं होता — ये जुड़ाव, अपनापन और एक गुलाबी फूल की कहानी है जो सीधा दिल छू जाती है।

# चार पीढ़ियों से सेठा अस्पताल में हो रही धन्वंतरी जी की पूजन

## आयुर्वेद दिवस पर डॉ सेठा ने की सभी के स्वस्थ्य रहने की कामना



नर्मदापुरम (निप्र)। डॉक्टर सेठा परिवार के द्वारा चार पीढ़ियों से धन्वंतरी जयंती के अवसर पर आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरी भगवान गणेश की पूजन अर्चन होती आ रही है। यह बात शहर के वरिष्ठ सर्जन डॉ अतुल सेठा ने बताते हुए कहा कि प्राचीन काल में स्वास्थ्य के मामले में भगवान धन्वंतरी और चरक का नाम आता है। हमारे परिवार में डाक्टर की चौथी पीढ़ी है।स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व. वैद्य धन्नालाल जी सेठा के समय 1939 से भगवान धन्वंतरी जयंती मनाई जा रही हैं। इसके बाद उनके पुत्र स्व. डॉ राधा मोहन जी सेठा ने योग, ऐलोपेथी आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक के माध्यम से स्वास्थ्य के क्षेत्र मैं सेवा भाव जारी रखा। उनके बाद मेरी तथा मेरे बच्चों की बारी आई है। धन्वंतरी जयंती को आरोग्य दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। हमारी संस्था के द्वारा स्वास्थ विधाओं के सेवा भावी चिकित्सको को सम्मानित किया गया। उन्होंने इस अवसर पर सभी के स्वस्थ्य रहने की कामना भगवान धन्वंतरी और गणेश जी महराज से की। संस्था के विपिन ताम्रकार ने बताया कि चिकित्सा के जनक भगवान धन्वंतरी जी जिस सेवा भाव से अमृत कलश पृथ्वी पर लाए थे उसी सेवा भाव से डॉ अतुल सेठा चिकित्सा सेवा कर रहे हैं आज भगवान धन्वंतरी जी की जयंती केशव हॉस्पिटल सेठा मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में विगत वर्षों की भांति परम्परा अनुसार हर्षोल्लास के साथ पं रचित खड्डुर पं बृजेश शर्मा के आचार्यतत्व में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार गण, आयुर्वेद अधिकारी डॉ अशोक पुष्कर जगदीश प्रसाद मालवीय डॉ योगेश मोहन सेठा, डॉ अतुल सेठा, डॉ जेपी मालवी डॉ योगेश वर्मा, डॉ रुचि सक्सेना, डॉ दिवाकर मिश्रा, दोनों हॉस्पिटल के स्टाफ और शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थित रही।

### धर्मार्थ औषधालय में भी मनी धन्वंतरि जयंती

दोपहर के समय सराफा चौक पर स्थित धर्मार्थ औषधालय में भी भगवान धन्वंतरि का पूजन अर्चन पं भवानी शंकर शर्मा की उपस्थिति में पं नीरजेश त्रिपाठी के द्वारा वरिष्ठ वैद्य चंद्रनारायण महलवार के द्वारा किया गया। इस मौके पर औषधालय और अस्पताल में अनेक लोग उत्साह से उपस्थित हुए।

## जिले में मिलावटी मावा एवं खाद्य सामग्री पर प्रशासन की सख्त कार्यवाही

नर्मदापुरम (निप्र) । जिला प्रशासन द्वारा लगातार अमानक खाद्य सामग्रियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बाहर से आने वाले मिलावटी मावे एवं मिष्ठान भंडार सेबी नियमित मिठाईयां तथा अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल एकत्रित कर उनका परीक्षण किया जा रहा है साथ ही जांच दल द्वारा वाहनों की जांच कर अन्य जिलों एवं क्षेत्र से आने वाले मिलावटी मावे की धर पकड़ भी की जा रही है।इसी क्रम में एसडीएम नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी द्वारा भोपाल से नर्मदापुरम लाये गए 1 क्विंटल 20 किलो मावा फूड सेफ्टी ऑफिसर जितेंद्र राणा और नगर तहसीलदार सरिता मालवीय के साथ मिलकर जप्त किया गया।

## माखननगर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगा, 58 की स्क्रीनिंग हुई, 8 को दवा एवं परामर्श

नर्मदापुरम (निप्र) । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखननगर में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के निर्देश पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ जिसमें गर्भवती महिलाओं की मानसिक स्वास्थ्य जांच,मातृ वार्ड में धात्री महिलाओं से स्वास्थ्य चर्चा,58 लोगों की स्क्रीनिंग, आत्महत्या रोकथाम हेतु एएनएम को गेटकीपर बनाया गया,8 रोगियों को दवा एवं परामर्श दी गई।

# एक दिवाली, शेयरिंग वाली पहल से बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान

## शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने शिक्षकों संग मनाई दीपावली



नर्मदापुरम (निप्र) । कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं सीईओ हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में डीपीसी डॉक्टर राजेश जायसवाल ने शासकीय स्कूलों के बच्चों के लिए एक दिवाली, शेयरिंग वाली पहल को इस वर्ष भी क्रियान्वित किया। शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राऐं जो अपेक्षाकृत कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंधित होते हैं, उन्होंने अपने शिक्षकों के साथ धूमधाम से दीपावली का त्योहार स्कूलों में मनाया। शिक्षक गण एवं अन्य सदस्य रंगोली, फुलझड़ी, पटाखे, मिठाई लेकर स्कूल में पहुंचे। बच्चों ने स्कूल के आंगन को सुंदर रंगोलियों एवं दीपक से सजाया और शिक्षकों के साथ पटाखे फुलझड़ी चलाएं। शिक्षकों ने सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किए। इस अवसर पर बच्चों के चेहरे की खुशी देखते ही बनती थी। त्योहारों का उत्साह सामूहिक रूप से मनाने के साथ-साथ शेयरिंग और केयरिंग की भावना को बढ़ाने वाले इस आयोजन में सभी ने उत्साह पूर्व भाग लिया।

# धन्वंतरी जयंती पर आयुष विभाग नर्मदापुरम में हुआ पूजन एवं संकल्प कार्यक्रम



नर्मदापुरम (निप्र) । धन्वंतरी जयंती के अवसर पर जिला आयुष कार्यालय नर्मदापुरम में भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पण कर विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुष अधिकारी डॉ. एस. आर. कारोंजिया द्वारा भगवान धन्वंतरि की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मानवता की सेवा, रोगों से बचाव तथा स्वस्थ व्यक्तियों को स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला आयुष चिकित्सालय से डॉ. सविता पुष्कर (आर.एम.ओ.), डॉ. ललिता ऊइके, एवं समस्त चिकित्सालय स्टाफ उपस्थित रहे। वहीं शासकीय आयुष विंग से डॉ. अशोक कुमार पुष्कर, डॉ. अक्षय जैन तथा कार्यालय स्टाफ ने भी श्रद्धापूर्वक भागीदारी निभाई। इस दौरान डॉ.अरविंद त्रिपाठी, डॉ.योगेश वर्मा, डॉ. गौरव वर्मा तथा राकेश चौहान भी उपस्थित रहे।भगवान धन्वंतरि की आरती के पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आयुर्वेद के प्रसार एवं जन-जन के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण पूर्णत: धार्मिक एवं उत्साहपूर्ण रहा।

# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपोत्सव का भव्य आयोजन




नर्मदापुरम (निप्र) । स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली पर्व का भव्य आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। दीपावली का यह पावन पर्व हमें जीवन में सच्चाई, सद्भाव, स्वच्छता और सहयोग के मूल्य अपनाने की प्रेरणा देता है। यह पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर अज्ञान से ज्ञान की ओर जाने का प्रतीक है। इस पर्व को मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों में सदाचार संस्कृति और एकता की भावना को जागृत करना है, ताकि वे अपने जीवन में प्रकाश और सकारात्मकता फैलाने वाले बनें। इसी उद्देश्य को साकार रूप देने के लिए विद्यालय ने दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आलोक मित्रा समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर नर्मदा महाविद्यालय डॉ नितिन कुमार बाघमारे ;प्रवक्ता प्राणीशास्त्र विभाग एनएमवी कॉलेज श्रीमती दुर्गा भदौरिया ;भारत विकास परिषद की जिला महिला प्रमुख एवं समाजसेविका बलेंद्र पटेल ;सरपंच निमसाड़िया श्रीमती जूही चटर्जी डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह ;वकील एवं जिला सरपंच संघ अध्यक्ष सरपंच निटाया एवं प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी उपस्थित रहीं।

इस कार्यक्रम में बाल वाटिका के नन्हे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का हृदय जीत लिया। प्रस्तुतियों में रामायण नाट्य चौपाइयों सहित स्वागत गीत दीपावली गीत हिंदी एवं अंग्रेज़ी कविताएं तथा सफाई और गणेश.लक्ष्मी पूजा जैसी परंपराओं का महत्व आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में 11 अक्टूबर 2025 को विद्यालय में इंटर.क्लास प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं दीया सजाओ लैंप सजाओ, तोरण बनाओ और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी रचनात्मक गतिविधियों के पुरस्कार वितरित किए और विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम की इंचार्ज शिक्षिकाएँ श्रीमती किरण झारिया श्रीमती कंचन रायचंदानी श्रीमती कीर्ति मालवीय एवं श्रीमती माया भारती रहीं। संचालन श्रीमती महिन्दर कौर और श्रीमती कीर्ति मालवीय ने किया, आभार प्रदर्शन श्रीमती शालिनी भदौरिया ने दिया। संपूर्ण आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा रचनात्मकता और भारतीय संस्कृति के प्रति आदर का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। दीपों की जगमगाहट और बच्चों के उत्साह से सुसज्जित विद्यालय परिसर में प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने दीपावली की सभी को शुभकामनाएँ देते हुए यह संदेश दिया कि दीप जलाएं अंधकार मिटाएं और जीवन में सच्चाई का प्रकाश फैलाएं।

## भोपाल विधायक रामेश्वर शर्मा के किसान विरोधी बयान की कड़े शब्दों में निंदा

नर्मदापुरम (निप्र) । भारतीय किसान संघ नर्मदापुरम ने भारतीय जनता पार्टी के भोपाल से निर्वाचित वरिष्ठ विधायक रामेश्वर शर्मा के इटारसी नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में दिए गए किसान विरोधी बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है जिसमें उन्होंने वर्तमान में खाद की समस्या को अपनी सरकार की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए किसानों के सिर पर मढने की कोशिश की है की किसान खाद का संग्रह करता है इसलिए खाद समस्या उत्पन्न हुई है और खाद का संकट बढा है। भारतीय किसान संघ के शिवमोहन सिंह का कहना है कि अपनी सरकार की अपने प्रशासन की विफलता का दोष भोले भाले किसानों पर थोपा जाना कहीं से कहीं तक न्यायोचित नहीं है। किसान संघ का कहना है कि पिछले दो माह से पूरे प्रदेश में खाद्य वितरण के मामले में किसान भारी संकट का सामना कर रहे हैं कहीं.कहीं तो उन्हें रात रात भर लाइन में लगना पड़ रहा है कहीं पुलिस का लाठी चार्ज हो रहा है तो कहीं पर भारी मात्रा में कालाबाजारी करते हुए खाद बरामद की जा रही है और कहीं स्वस्फूर्त तरीके से खाद की कालाबाजारी का भंडाफोड़ हो रहा है। विगत दिवस खाद की कालाबाजारी करते हुए जब एक ट्रक हरदा से नरसिंहपुर की ओर चला तो वह पिपरिया के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और खाद के काले बाजार का भंडाफोड़ हुआ था। सोसाइटियों के माध्यम से ही किसानों को उनके गांव में ही खाद उपलब्ध हो जाती आज किसान 30 से 40 किलोमीटर दूर तक से खाद लाने के लिए मजबूर हैं भारतीय किसान संघ का कहना है कि इस प्रकार की प्रमाणिक घटनाओं एवं दुर्घटनाओं को संज्ञान में लेकर उन्हें यह स्वीकार करना चाहिए कि प्रदेश में खाद की तो कोई कमी नहीं है लेकिन वितरण व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है इसलिए वरिष्ठ विधायक को अपनी सरकार की कार्यप्रणाली पर अपनी ही सरकार को आईना दिखलाना चाहिए ना की देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले किसानों के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप। किसान संगठन का कहना है कि भविष्य के लिए भी विधायक इस तथ्य को नोट करने का कष्ट करें और किसानों के विरुद्ध अनर्गल बयान बाजी करने से बचें अन्यथा भारतीय किसान संघ किसान हित में उनके विरुद्ध कड़े कदम उठाने के लिए बाध्य होगा।


## न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, नर्मदापुरम् म.प्र.

क्रमांक/री.उ.पं./2025/124 नर्मदापुरम् दिनांक 03/10/2025

अंतर्गत धारा 84

:: सूचना-पत्र ::

( मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 84 के अन्तर्गत )

यह कि धारा 84 के अन्तर्गत निम्नांकित प्रकरणों में सुनवाई हेतुपूर्व में सूचना पत्र जारी किये गये थे किन्तु बैंक से तामीली अप्राप्त रहने से सार्वजनिक सूचना के माध्यम से निम्न प्रकरणों में सूचना का प्रकाशन कराया जा रहा है -

| | | |
|---|---|---|
| DR/HBD/84/2023-24/0519 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित रायपुर | शंकरलाल |
| DR/HBD/84/2023-24/0522 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित डोलरिया | राम कुवर बाई |
| DR/HBD/84/2023-24/0524 | वृहताकार सहकारी समिति मर्यादित डोलरिया | मनोज सिंह |
| DR/HBD/84/2023-24/0525 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित डोलरिया | विजय |
| DR/HBD/84/2023-24/0526 | वृहत्ताकार सहाकरी समिति मर्यादित डोलरिया | पुरषोतम यादव |
| DR/HBD/84/2023-24/0527 | वृहत्ताकार सहाकरी समिति मर्यादित डोलरिया | मेहरबान सिंह |
| DR/HBD/84/2023-24/0530 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनिया | जगदीश सिंह |
| DR/HBD/84/2023-24/0531 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनिया | शैलेन्द्र सिंह |
| DR/HBD/84/2023-24/0532 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनिया | विष्णु सिंह |
| DR/HBD/84/2023-24/0533 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनिया | सूबे सिंह |
| DR/HBD/84/2023-24/0534 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनिया | रामसेवक यदुवंशी |
| DR/HBD/84/2023-24/0535 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनिया | जगदीश |
| DR/HBD/84/2023-24/0536 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनियाँ | केशव कुमार |
| DR/HBD/84/2023-24/0537 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनियाँ | रामजीवन |
| DR/HBD/84/2023-24/0538 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनियों | योगेश कुमार |
| DR/HBD/84/2023-24/0539 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनियाँ | फूलचंद |
| DR/HBD/84/2023-24/0557 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | लक्ष्मणप्रसाद |
| DR/HBD/84/2023-24/0558 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | लखनलाल |
| DR/HBD/84/2023-24/0559 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | रामचरण |
| DR/HBD/84/2023-24/0560 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | लक्खू |
| DR/HBD/84/2023-24/0561 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | गेंदालाल कीर |
| DR/HBD/84/2023-24/0562 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | रविशंकर कीर |
| DR/HBD/84/2023-24/0563 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | प्रदीप कीर |
| DR/HBD/84/2023-24/0564 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | गयाप्रसाद कीर |
| DR/HBD/84/2023-24/0565 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | माखन |
| DR/HBD/84/2023-24/0566 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | सुगनाबाई |
| DR/HBD/84/2023-24/0567 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | लक्ष्मीनारायण |
| DR/HBD/84/2023-24/0568 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | कमल पूरी |
| DR/HBD/84/2023-24/0569 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | नन्ही बाई |
| DR/HBD/84/2023-24/0570 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | पवन पूरी |

अत: आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.11.2025 को दोप: 02:00 बजे "न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाये नर्मदापुरम" में उपस्थित होकर प्रकरण में जवाब प्रस्तुत करे। आपके नियत दिनांक व स्थान पर अनुपस्थिति में प्रकरण में एक तरफा कार्यवाही की जावेगी।

जी/20256/25

उप-पंजीयक
सहकारी संस्थाये नर्मदापुरम म.प्र.

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें



## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम

प्ररूप क्र.-4

[ देखे नियम 5 ( 1 ) ]

( सूचना पत्र )

[ मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 ( 1951 का 30 ) की धारा 5 की उपधारा ( 2 ) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम 1962 के नियम 5 ( 1 ) ]

क्रमांक 2840/प्र. अविअ./2025-26 नर्मदापुरम, दिनांक 09/10/2025

लोक न्यासों के पंजीयक नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम के समक्ष ::

यह कि आवेदकगण श्री रघुवर दास त्यागी आ. श्री सियाराम दास त्यागी आयु 87, एवं अन्य 09 निवासी म.नं. 59/1 ग्राम बांद्राभान तहसील व जिला नर्मदापुरम द्वारा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 4 के अतंर्गत एक आवेदन अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति के लिये आवेदन किया है, एतत् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन पर दिनांक 09/10/2025 को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जाएगा।

मैं नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम का लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 09/11/2025 उक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के द्वारा यथा अपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करती हूँ।

अत: एतत् द्वारा सूचना दी जाती है कि किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुये कथित न्यास या संपत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति इस सूचना पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत कर सकता है, और में समक्ष उपरोक्त तारीख पर या व्यक्तिश: अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिये। उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जाएगा ।

अनुसूची

( लोक न्यास का नाम और पता व संपत्ति विवरण )

| | | |
|---|---|---|
| 1. | न्यास का पूरा नाम | श्री सीताराम परमार्थ ट्रस्ट ग्राम बांद्राभान तहसील व जिला नर्मदापुरम । |
| 2. | न्यास का उद्यम प्रकृति और उद्देश्य | गोसेवा एवं गौसंवर्धन, धार्मिक स्थलों का संरक्षण एवं संचालन, पर्यावरण जागरूकता एवं नर्मदा नदी की स्वच्छता, भण्डारा, यज्ञ, कीर्तन, सत्संग आदि धार्मिक आयोजन एवं सांस्कृतिक आयोजन, साधु संतो एवं नर्मदा परिक्रमा यात्रियों की सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य समाज कल्याण एवं अन्य लोक हितकारी कार्य । |
| 3. | स्थान जहां कि न्यास का मुख्य कार्यालय कार्यभार का स्थान स्थित है। | ग्राम बांद्राभान तहसील व जिला नर्मदापुरम । |
| 4. | कार्यकारिणी न्यासी व प्रबंधन के नाम व पते | 1. श्री मंगलदास त्यागी आ. श्री रघुवर दास त्यागी आयु 52 वर्ष निवासी म.नं. 59/1 ग्राम बांद्राभान तह. व जिला नर्मदापुरम। 2. श्री आलोक त्रिपाठी आत्मज श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी, आयु 51 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 15 रामजी बाबा मोहल्ला मालाखेड़ी, जिला नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश। 3. श्री केशव राम साहू आ. श्री रंगुराम साहू, आयु 36 वर्ष, निवासी मं.नं. 77 न्यू विशाल नगर मेण्डोरी रोड़ नीलबड़ सिध्दि विनायक केम्पस के सामने नीलबड़, जिला भोपाल। 4. श्री रामफल यादव आ. श्री रामशंकर यादव, आयु 43 वर्ष, निवासी म.नं. 363 मालाखेड़ी, जिला नर्मदापुरम। 5. श्री राजकुमार यादव आ. श्री गुलाब दास यादव, आयु 53 वर्ष, निवासी गली नं. 01 मंदिर के पास होली चौक मोहल्ला मालाखेड़ी, जिला नर्मदापुरम। 6. श्री नितिन कुमार मीना आ. श्री नरेंद्र मीना, आयु 35 वर्ष निवासी मं.नं. 21 एम.आई. जी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड 18 नियर हनुमान मंदिर जिला नर्मदापुरम। 7. श्री प्रभुदयाल मालवीय आ. श्री घासीराम मालवीय, आयु 49 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 11 मालाखेड़ी पानी की टंकी के पास जिला नर्मदापुरम। 8. श्री राजेन्द्र सिंह आ. श्री चंदन सिंह, आयु 38 वर्ष, निवासी म.नं. 08 ग्राम मोहासा, तहसील बावई, जिला नर्मदापुरम। 9. श्री हरिओम भीलवारे आ. श्री भोगचंद भीलवारे आयु 49 वर्ष निवासी म.नं. 3/3 मानसी अस्पताल के पास ऐशबाग जिला भोपाल। 10. श्री श्यामसुंदर पासी आ. श्री रामसेवक पासी आयु 47 वर्ष निवासी म.नं. 592 वार्ड 19 ग्राम बांद्राभान तह. व जिला नर्मदापुरम। |
| 5. | न्यासधारी या प्रबंधक के उत्तराधिकार की स्थिति अथवा उत्तराधिकार का क्रम | श्री रघुवर दास त्यागी आ. श्री सियाराम दास त्यागी आयु 87 वर्ष निवासी म.नं. 59/1 ग्राम बांद्राभान तह. व जिला नर्मदापुरम । |
| 6. | न्यास की चल सम्पत्ति | चल सम्पत्ति का मूल्य अनुसार सूची संलग्न है। |
| 7. | अचल संपत्ति का विवरण | 2,00,000/- (दो लाख रूपये मात्र) |
| 8. | अचल संपत्ति का अनुमानित बाजार मूल्य | दो गौशालाएं -प्रथम गौशाला: गौशाला एवं 1000/- गाये, स्थित ग्राम बांद्राभान नर्मदापुरम । धार्मिक परिसर :- स्थित ग्राम बांद्राभान नर्मदापुरम म.प्र. क्षेत्रफल लगभग 10,000/- वर्गफुट जिसमें हनुमान मंदिर, आश्रम, यज्ञशाला, भोजशाला गौशाला इत्यादि स्थित है। यह परिसर नर्मदा परिक्रमा सेवार्थ एवं धार्मिक गतिविधियों हेतु निर्मित है। |
| 9. | न्यास के आय के स्त्रोत | दान दक्षिणा |
| 10. | औसतन वार्षिक सकल आय | 2,00,000/-(दो लाख रूपये मात्र) |
| 11. | अचल संपत्ति का अनुमानित बाजार मूल्य | 30,00,000(तीस लाख रूपये मात्र) |
| 12. | अन्य विवरण जो विहित किए जाए | निरंक |

जी/20235/25

पंजीयक लोक न्यास एवं
अनुविभागीय अधिकारी
नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।*
*स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*